गुरुवार, 29 जनवरी 2026

मौसम

तापमान 18 – 28
आर्द्रता 74%
सूर्योदय: 06:16 सूर्यास्त: 17:22

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा



मतदाताओं के नाम जोड़ना और हटाना मतदाता सूची संशोधन प्रक्रिया का हिस्सा : उच्चतम न्यायालय पृष्ठ 7

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, माघ शुक्लपक्ष एकादशी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : हर कठिनाई एक नई शुरुआत का संकेत होती है।




# महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार समेत पांच लोगों की विमान दुर्घटना में मौत



**पुणे :** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार और चार अन्य लोगों की बुधवार सुबह पुणे जिले में बारामती हवाई अड्डे के पास विमान दुर्घटना में मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अजित पवार (66) के निधन से न केवल महाराष्ट्र में भाजपा के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार में एक बड़ा खालीपन पैदा हुआ है, बल्कि उनकी अगुवाई वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के भविष्य पर भी सवाल खड़े हो गए हैं। अजित पवार के चाचा और राकांपा के संस्थापक शरद पवार ने कहा कि यह एक दुर्घटना थी और इसे राजनीतिक रंग नहीं दिया जाना चाहिए। एक अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए विमान से बरामद किए जाने वाले 'ब्लैक बॉक्स' (जिसमें फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर और कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर शामिल हैं) का विश्लेषण किया जाएगा। अजित पांच फरवरी को होने वाले जिला परिषद चुनाव के लिए पुणे जिले में चार रैलियों को संबोधित करने के वास्ते सुबह मुंबई से रवाना हुए थे। दुर्घटना में जान गंवाने वालों में कैप्टन सुमित कपूर भी शामिल हैं, जिनके पास 15,000 घंटे का उड़ान अनुभव था। 1,500 घंटे का उड़ान अनुभव रखने वाली सह-पायलट कैप्टन शांभवी पाठक, निजी सुरक्षा अधिकारी (पीएसओ) विधिप जाधव और विमान परिचारिका पिंकी माली की भी हादसे में मौत हो गई। सरकार ने एक बयान जारी किया, जिसमें दुर्घटना का क्रम विस्तार से बताया गया है। विमान यातायात नियंत्रण कक्ष (एटीसी) ने बुधवार सुबह खराब दृश्यता के कारण हवा में एक चक्कर लगाने के बाद 'लियरजेट' विमान को उतरने की अनुमति दे दी थी। हालांकि, अनुमति मिलने के बाद भी विमान ने एटीसी को कोई 'रीड-बैक' या प्रतिक्रिया नहीं दी और वह कुछ ही पल बाद रनवे के किनारे पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया तथा उसमें आग लग गई। विमान संचालन की भाषा में चक्कर लगाना एक मानक प्रक्रिया है, जिसमें पायलट लैंडिंग का प्रयास रोक देता है और पुनः लैंडिंग के लिए विमान ऊपर ले जाना शुरू करता है। खराब मौसम, अस्थिर लैंडिंग पथ या रनवे पर यातायात जैसी वजहों से सुरक्षित लैंडिंग पूरी नहीं होने की स्थिति में ऐसा किया जाता है। यह एक आपात स्थिति नहीं, बल्कि एक एहतियाती सुरक्षा कदम है। वहीं, 'रीड बैक' विमान संचालन की भाषा में एक महत्वपूर्ण सुरक्षा प्रक्रिया है, जिसमें पायलट एटीसी से मिले निर्देशों या संदेश को दोहराता है। इससे यह सुनिश्चित होता है कि पायलट ने नियंत्रक के निर्देश ठीक ढंग से समझ लिए हैं। 'वीएसआर वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड' की ओर से संचालित 16 साल पुराना चार्टर्ड विमान 'लियरजेट' बारामती हवाई अड्डे पर दूसरी बार लैंडिंग का प्रयास करते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया। बारामती एक गैर-नियंत्रित हवाई क्षेत्र है, जहां आमतौर पर स्थानीय उड़ान प्रशिक्षण संगठनों के प्रशिक्षक और पायलट यातायात से जुड़ी जानकारी देते हैं।

## अंतिम दर्शन के लिए विद्या प्रतिष्ठान में रखा गया पार्थिव शरीर, आज अंतिम संस्कार

## 'अजित दादा' ने महाराष्ट्र और भारत के विकास में बड़ा योगदान दिया है : प्रधानमंत्री मोदी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को विमान दुर्घटना में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा)नेता ने पश्चिमी राज्य और भारत के विकास में, विशेष रूप से ग्रामीण जीवन स्तर को ऊपर उठाने में बड़ा योगदान दिया था। उन्होंने कहा, ''अजित दादा ने महाराष्ट्र और भारत के विकास में, विशेषकर ग्रामीण जीवन स्तर को ऊपर उठाने में, महत्वपूर्ण योगदान दिया। मैं उनके परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं। हम आज (इस दुर्घटना में) जान गंवाने वाले सभी लोगों के परिजनों के साथ खड़े हैं।''

## अजित पवार की मौत की उच्चतम न्यायालय की निगरानी में हो जांच : ममता

### मुख्यमंत्री ने अजीत पवार के निधन पर शोक जताया

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को विमान दुर्घटना में अजित पवार की मौत की उच्चतम न्यायालय की निगरानी में जांच की मांग की और आरोप लगाया कि 'अन्य सभी एजेंसियों' की 'निष्पक्षता पूरी तरह खत्म' हो चुकी है। उन्होंने कहा कि मौजूदा तंत्रों के माध्यम से सच्चाई सामने नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि केवल उच्चतम न्यायालय की देखरेख में की गई जांच ही विश्वसनीय होगी। इस दिन, हुगली जिले में सिंगूर के लिए रवाना होने से पहले उन्होंने यहां पत्रकारों से कहा कि हमें सिर्फ उच्चतम न्यायालय पर भरोसा है। बाकी सभी एजेंसियां पूरी तरह से भ्रष्ट हो चुकी हैं।

# बंगाल में उद्योग और कृषि साथ-साथ फले-फूलेंगे : ममता

**कहा : 'केंद्र मदद करे ना करे, हमारी सरकार करेगी बंगाल का विकास'**

### सिंगूर में मुख्यमंत्री ने 33,551 करोड़ रुपये की लागत वाली 1694 राज्य प्रायोजित सेवाओं की आधारशिला रखी



**हुगली, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को कहा कि राज्य में कृषि और उद्योग दोनों साथ-साथ फले-फूलेंगे और इनमें से कोई भी एक दूसरे का अतिक्रमण नहीं करेगा। ममता ने हुगली जिले के सिंगूर में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए राज्य में कृषि-उद्योग के बीच के अंतर पर अपने रुख को दोहराया। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 33,551 करोड़ रुपये की लागत वाली 1694 राज्य प्रायोजित सेवाओं का उद्घाटन या आधारशिला रखी। ममता ने कहा कि हमने सिंगूर में 77 एकड़ भूमि पर एक निजी औद्योगिक पार्क शुरू किया है, जहां अमेजन और फ्लिपकार्ट बड़े गोदाम स्थापित करेंगे और हजारों लोगों के लिए रोजगार सृजित करेंगे। उन्होंने कहा कि सिंगूर के किसानों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के तहत मिलने वाले मौजूदा लाभों के अलावा, हमने रोजगार सृजन के उद्देश्य से यहां आठ एकड़ भूमि पर 92 लाख रुपये की लागत से एक कृषि-औद्योगिक पार्क का निर्माण किया है। परियोजना स्थल पर 28 भूखंडों में से 25 पहले ही आवंटित किए जा चुके हैं। कृषि और उद्योग दोनों साथ-साथ फले-फूलेंगे, लेकिन जबरन कृषि भूमि हड़पने से नहीं। मुख्यमंत्री ने राज्य में औद्योगीकरण पर भाजपा के रुख का परोक्ष रूप से जिक्र करते हुए कहा कि मैं अपने वादे निभाती हूं, और दूसरों के विपरीत, मैं जुमलेबाजी नहीं करती। क्या कन्याश्री योजना बंद हो गई है? ऐसा कभी नहीं होगा। मुख्यमंत्री ने राज्य के 20 लाख अतिरिक्त लोगों के लिए 24,180 करोड़ रुपये की नवीनतम किश्त के वितरण की घोषणा की। इसके तहत लाभार्थियों को 'बंग्लार बाड़ी' ग्रामीण आवास परियोजना के लिए धनराशि प्राप्त होगी। उनका दावा है कि इसी के साथ लाभार्थियों की कुल संख्या दो चरणों में 1.32 करोड़ परिवारों तक पहुंच जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य ने पश्चिम मेदिनीपुर जिले के केशपुर, डेबरा और घाटाल के निचले इलाकों को बाढ़ से बचाने के लिए घाटाल मास्टर प्लान परियोजना के लिए 1500 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। उन्होंने आगे कहा कि इस परियोजना के लिए 500 करोड़ रुपये पहले ही वितरित किए जा चुके हैं और लगभग 300 करोड़ रुपये का काम पूरा हो चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने घाटाल में आई बाढ़ की समस्या के लिए केंद्र सरकार को 10 साल तक पत्र लिखे, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। अब हम इस परियोजना को अपने संसाधनों से पूरा करेंगे। हम भीख नहीं मांगेंगे।

RED-X
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

## आर्थिक सर्वेक्षण 2026 आज संसद में किया जाएगा पेश

**नयी दिल्ली :** बजट सप्ताह शुरू हो गया है, और आर्थिक सर्वेक्षण 2026 संसद के समक्ष प्रस्तुत किया जाने वाला पहला प्रमुख दस्तावेज़ होगा। सर्वेक्षण सरकार की अर्थव्यवस्था की वार्षिक समीक्षा के रूप में कार्य करता है और केंद्रीय बजट के लिए आधार तैयार करता है। यह विकास, मुद्रास्फीति, रोजगार प्रवृत्तियों, व्यापार, और राजकोषीय स्थिति का आकलन प्रस्तुत करता है। यह दस्तावेज़ बजट सत्र के दौरान आज संसद में प्रस्तुत किया जाएगा। आर्थिक सर्वेक्षण मुख्य आर्थिक सलाहकार, वी अनंता नागेश्वरन द्वारा आज सुबह 11 बजे संसद के दोनों सदनों के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। यह प्रस्तुति बजट सत्र के दौरान होती है, जो बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के संबोधन के साथ शुरू हुआ।

## चांदी रिकॉर्ड 3.85 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर, सोना 1.71 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी में बुधवार को सोना और चांदी की कीमतों में तेजी का सिलसिला जारी रहा। कमजोर अमेरिकी डॉलर और वैश्विक बाजारों में मजबूत रुख के बीच दोनों नए शिखर पर पहुंच गए। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, चांदी में लगातार तीसरे दिन तेजी आई और यह 15,000 रुपये यानी 4.05 प्रतिशत बढ़कर 3,85,000 रुपये (सभी कर सहित) प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। पिछले सत्र में यह 3,70,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर थी, जबकि शुक्रवार को यह 3,29,500 रुपये प्रति किलोग्राम थी। सर्राफा बाजार में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 5,000 रुपये यानी तीन प्रतिशत बढ़कर 1,71,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के नए शिखर पर पहुंच गया।

## उच्चम न्यायालय यूजीसी के नए नियमों को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई को तैयार

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के हाल में अधिसूचित एक नियम को चुनौती देने वाली उस याचिका पर सुनवाई के लिए बुधवार को सहमति जताई, जिसमें यह दलील दी गई है कि नियम में जाति-आधारित भेदभाव की गैर-समावेशी परिभाषा अपनाई गई है और कुछ श्रेणियों को संस्थागत संरक्षण से बाहर रखा गया है। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने याचिका पर तत्काल सुनवाई की मांग करने वाले वकील की दलीलों पर गौर किया। वकील ने कहा, सामान्य वर्ग के खिलाफ भेदभाव बढ़ सकता है। मेरा मुकदमा 'राहुल दीवान एवं अन्य बनाम भारत सरकार' है। इस पर प्रधान न्यायाधीश ने कहा, हमें पता है कि क्या हो रहा है। सुनिश्चित करें कि खामियां दूर कर दी जाएं। हम इसे सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करेंगे।

## रूस-भारत के बीच एसयू-57 के संयुक्त उत्पादन पर चर्चा

**मॉस्को :** भारत और रूस भारत में पांचवीं पीढ़ी के सुखोई एसयू-57ई लड़ाकू विमान के संयुक्त उत्पादन की संभावनाओं पर तकनीकी स्तर पर चर्चा कर रहे हैं। रूस की यूनाइटेड एयरक्राफ्ट कॉर्पोरेशन (यूएसी) के सीईओ वादिम बदेखा ने यह दावा किया। उन्होंने कहा कि बातचीत उन्नत चरण में है और इसमें भारतीय उद्योग की अधिकतम भागीदारी पर विचार किया जा रहा है। हालांकि, भारत की ओर से इस पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। रूस ने हाल ही में विंग्स इंडिया एयर शो में अपने नवीनतम विमान भी प्रदर्शित किए हैं।

## रुपया हफ्ते में दूसरी बार 91.99 प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर लुढ़का

**मुंबई :** महीने के अंत में डॉलर की मांग आने से बुधवार को रुपया 31 पैसे की बड़ी गिरावट के साथ 91.99 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। रुपया एक सप्ताह से भी कम समय में दूसरी बार अपने रिकॉर्ड निचले स्तर पर रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के मुताबिक, अमेरिकी डॉलर सूचकांक में नरमी और यूरोप के साथ लंबे समय से प्रतीक्षित व्यापारिक समझौते से मिली राहत से रुपया मजबूती से खुला था। लेकिन विदेशी पूंजी की निकासी के दबाव और वैश्विक स्तर पर जारी तनाव से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई।

## अमेजन 16,000 कर्मचारियों की छंटनी करेगी

**न्यूयॉर्क :** ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन तीन महीने में दूसरी बार बड़े पैमाने पर छंटनी करते हुए लगभग 16,000 नौकरियों की कटौती कर रही है। कंपनी ने कहा कि उसकी कर्मचारियों की जगह जनरेटिव यानी सृजन से जुड़े कृत्रिम मेधा (एआई) का इस्तेमाल करने की योजना है। महामारी के दौरान बढ़ी हुई कार्यबल संख्या को भी धीरे-धीरे कम किया जा रहा है। ई-कॉमर्स कंपनी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष बेथ गैलेटी ने बुधवार को एक ब्लॉग पोस्ट में कहा कि कंपनी विभिन्न स्तरों को घटा रही है, कर्मचारियों की जिम्मेदारी बढ़ा रही है और नौकरशाही को कम कर रही है।

Suffering from hip or Knee pain?
Ask Dr. Santosh

ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी आपको सामान्य स्थिति में वापस ला सकती है, जब सटीकता के साथ की जाये –डॉ संतोष कुमार

**प्रश्न: घुटने के लिगामेंट पुनर्निर्माण की आवश्यकता किसे है?**
**डॉ. कुमार:** आम तौर पर घुटने के लिगामेंट पुनर्निर्माण जैसे कि एसीएल पुनर्निर्माण आर्थोस्कोपिक प्रक्रिया द्वारा किया जाता है जो युवा सक्रिय लोगों के लिए उपयोग किया जाता है। वृद्ध लोगों के लिए जिसे गठिया पहले से ही हो चुका होता है, तो उनके लिए आर्थोस्कोपिक प्रक्रिया की कोई भूमिका नहीं होती है।

**प्रश्न: विस्कोसप्लिमेंटेशन कितना उपयोगी है?**
**डॉ. कुमार:** विस्कोसप्लिमेंटेशन का अर्थ है अत्यधिक क्रॉस लिंक्ड उच्च आणविक भार हायलूरोनिक एसिड का इंजेक्शन जो घुटने का प्राकृतिक स्नेहक है। मेरी राय में, इसकी भूमिका बहुत अधिक नहीं है लेकिन निश्चित रूप से यह एवस्कुलर नेक्रोसिस आदि को कोई नुकसान नहीं पहुंचाता है।

**प्रश्न: जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी की आवश्यकता किसे है?**
**डॉ. कुमार:** जब कूल्हे या घुटने के प्रतिस्थापन गठिया अपने दर्द, प्रतिबंधित गतिविधियों, अस्थिरता या विकृति के माध्यम से दैनिक जीवन, सामाजिक गतिविधियों, पेशेवर या व्यक्तिगत जीवन को प्रभावित करना शुरू कर देता है, तो व्यक्ति को जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी की आवश्यकता होती है।

**प्रश्न: जॉइंट रिप्लेसमेंट की सही उम्र क्या है?**
**डॉ. कुमार:** जब भी दैनिक जीवन की गतिविधियों में बाधा उत्पन्न होती है, चाहे उम्र कुछ भी हो, तो जॉइंट रिप्लेसमेंट पर विचार करना चाहिए। जॉइंट रिप्लेसमेंट में देरी करने से सर्जरी अधिक मुश्किल हो जाती है और रिकवरी में देरी होती है, लेकिन इसे जरूरत से पहले भी नहीं किया जाना चाहिए।



Joint Replacement Surgeon Dr Santosh Kumar With world's latest Navigation System Orthopilot

**प्रश्न: गठिया के प्रकार क्या हैं?**
**डॉ कुमार:** अधिकांश गठिया उम्र से संबंधित होते हैं, घिसने के कारण होते हैं, लेकिन विभिन्न विशिष्ट गठिया पूर्ण घुटने को मोड़ने में अधिक समय लगता है, जो कम उम्र में प्रभावित कर सकते हैं जैसे किशोर गठिया, एंकिलॉजिंग स्पॉन्डिलाइटिस, युवा गठिया वाले लोग ज्यादातर हिप गठिया से पीड़ित होते हैं।

**प्रश्न: प्रतिस्थापन प्रत्यारोपण की उम्र क्या है?**
**डॉ. कुमार:** बेशक, इसे फिर से किया जा सकता है। प्रतिस्थापन प्रत्यारोपण ज्यादातर सीमेंटेड होते हैं और इनके औसतन 20 से 30 साल तक चलने की उम्मीद की जाती है।

**प्रश्न: क्या जॉइंट प्रतिस्थापन सर्जरी दूसरी बार की जा सकती है?**
**डॉ. कुमार:** बेशक हां, इसे फिर से किया जा सकता है और इसे रिवीजन जॉइंट रिप्लेसमेंट कहा जाता है जो पहले या प्राथमिक जॉइंट रिप्लेसमेंट जितना ही सफल होता है।

**प्रश्न: सर्जरी के परिणाम को प्रभावित करने वाला सबसे महत्वपूर्ण कारक क्या है?**
**डॉ कुमार:** सबसे महत्वपूर्ण सर्जिकल तकनीक, विशेषज्ञता सर्जन व टीम का अनुभव है।

**प्रश्न: क्या घुटने के प्रतिस्थापन के बाद हम पालथी मार कर बैठ सकते हैं?**
**डॉ कुमार:** हां, हमारे पास उच्च फ्लेक्सन घुटने के प्रत्यारोपण और बेहतर सर्जिकल तकनीक हैं जो व्यक्ति को बेड, सोफा आदि चीजों पर पालथी मार कर बैठने में सक्षम बनाती हैं लेकिन अगर सर्जरी से पहले घुटना काफी अकड़ा रहा होगा, तो घुटने के पूरे मोड़ को ठीक करने में अधिक समय लगेगा।

**प्रश्न: घुटने के प्रतिस्थापन के बाद किन गतिविधियों को करने की अनुमति है?**
**डॉ कुमार:** अधिकांश गतिविधियां जैसे अप्रतिबंधित पैदल चलना, सीढ़ियां चढ़ना, साइकिल चलाना, ड्राइविंग, तैराकी आदि की अनुमति होगी। वहीं रस्सी कूदना, स्काटिंग जैसी उच्च प्रभाव वाली गतिविधियां प्रतिबंधित हैं।

**प्रश्न: फ्रैक्चर नेक फीमर का उपचार क्या है?**
**डॉ. कुमार:** फ्रैक्चर नेक फीमर दो प्रकार का होता है, इंट्राकैप्सुलर और एक्स्ट्रास्कैपुलर। इंट्राकैप्सुलर फ्रैक्चर एक आपात स्थिति है और इसे जल्द ही ठीक करने की जरूरत होती है लेकिन कई मामलों में जब उम्र अधिक हो या जब ऑस्टियोपोरोसिस की आशंका हो, तो हमें जॉइंट को बदलने की जरूरत पड़ सकती है जो कि पूर्ण या आंशिक हो सकता है। एक्स्ट्रास्कैपुलर फ्रैक्चर को हमें कील या प्लेट से ठीक करने की जरूरत होती है।

**प्रश्न: हिप रिप्लेसमेंट के लिए सबसे अच्छा इम्प्लांट कौन सा है?**
**डॉ. कुमार:** सबसे अच्छा इम्प्लांट नाम की कोई चीज नहीं होती है। परिणाम अच्छे होते हैं और सर्जिकल की सटीकता पर लॉंजिविटी निर्भर करती है। बेहतर गतिशीलता और स्थिरता के लिए हमारे पास बड़े सिर वाले हिप इम्प्लांट हैं। हमारे पास हड्डी के विकास के लिए छिद्रयुक्त लेपित इम्प्लांट हैं जिन्हें अनसीमेंटेड फिक्सेशन के रूप में जाना जाता है। गतिविधियां मुख्य रूप से दो हैं।

**प्रश्न: जॉइंट रिप्लेसमेंट की सफलता दर क्या है**
**डॉ. कुमार:** अच्छी तरह से जॉइंट रिप्लेसमेंट के बाद सर्जन और टीम के हाथों में निर्भर करती है जो इसे दैनिक रूप से करते हैं। चूंकि यह परिशुद्धता आधारित सर्जरी है, इसलिए अच्छी परिशुद्धता अच्छे परिणाम देती है।




Dr. Santosh Kumar Hip & Knee Foundation
Chamber : Plot No 332, Laketown, Block A, Kolkata-700 089
Belle Vue Clinic- Kolkata ● www.mykneemylife.org ● www.facebook.com / Dr.santoshkumar.orthousurgeon
● WhatsApp : 09831911584 ● Email : santdr@gmail.com
● FREE online Consultation Link : bit.ly/consultdrsantosh
Call for Appointment : 9831911584 / 9831266632 ● Experience of Treating 35000+Patients in 18+Years

# भारत-यूरोपीय संघ एफटीए और पूर्व के व्यापार समझौतों से युवाओं के लिए अनगिनत अवसर पैदा होंगे : मोदी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि भारत द्वारा कई देशों के साथ किये गए मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) और एक दिन पहले दिल्ली में भारत- यूरोपीय संघ के बीच हुए 'ऐतिहासिक' एफटीए से लाखों भारतीय युवाओं के लिए अवसर के अनगिनत द्वार खुलेंगे। उन्होंने दिल्ली छावनी में वार्षिक 'राष्ट्रीय कैडेट कोर पीएम रैली' को संबोधित करते हुए कहा कि पूरी दुनिया भारत के युवाओं को 'बहुत भरोसे' से देख रही है और इस भरोसे का कारण 'कौशल और संस्कार' है। मोदी ने कहा, ''मैंने लाल किले से संबोधित करते हुए कहा था, 'यही समय है, सही समय है'। देश के युवाओं के लिए यह अधिकतम अवसरों का समय है।'' उन्होंने रेखांकित किया कि सरकार का प्रयास यह सुनिश्चित करना है कि युवाओं को इस अवधि का 'अधिक से अधिक लाभ' मिले।



प्रधानमंत्री ने कहा, ''इसका एक उदाहरण आपने कल ही देखा। भारत और यूरोपीय संघ ने एक ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते पर सहमति जताई। इससे पहले, भारत ने ओमान, न्यूजीलैंड, ब्रिटेन, संयुक्त अरब अमीरात, ऑस्ट्रेलिया और मॉरीशस जैसे देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते किए हैं। इन सभी समझौतों से हमारे लाखों युवाओं के लिए अवसर के अनगिनत द्वार खुलेंगे।'' उन्होंने कहा, ''भारत-यूरोपीय संघ मुक्त समझौते को दुनिया के लिए ' पासा पलटने वाला' कहा जा रहा है। आपके लिए, यह एफटीए आकांक्षाओं को साकार करने की आजादी देने वाला है।'' प्रधानमंत्री ने कहा, '' युद्ध केवल सीमाओं, टैंक या तोपों के उपयोग तक ही सीमित नहीं है, आज की लड़ाई ''कोड से क्लाउड'' तक कई मोर्चों पर लड़ी जा रही है। भारत और यूरोपीय संघ ने मंगलवार को एक ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए। इसे अब तक का सबसे बड़ा व्यापार समझौता कहा जा रहा है। इसका उद्देश्य दो अरब लोगों का बाजार तैयार करना है।

## मासूमों को मिले स्नेह व हौसले का संबल

पिछले दिनों फरीदाबाद में ठीक से पढ़ाई न कर सकने वाली बच्ची की पिता द्वारा पिटाई करने से हुई मौत की खबर ने हर संवेदनशील इंसान को झकझोरा है। यह विश्वास करना कठिन है, कोई पिता इतना क्रूर हो सकता है कि महज गिनती न सीख पाने के कारण बच्ची की जान ले ले। यदि इस घटना के पीछे कोई परोक्ष कारण नहीं है तो निश्चय ही यह घटना किसी भी सभ्य समाज के लिये कलंक ही कही जाएगी। यह शर्म की बात ही है कि इस ज्ञान की सदी में किसी बच्ची की पिता के हाथों पढ़ाई के नाम पर मौत हो जाए। यह विडंबना ही है कि 21वीं सदी में भी हमारे समाज में मानसिक ग्रंथि की वह गांठ नहीं खुल पाई है, जो मानती है कि डर व मारपीट से बच्चों को सिखाया जा सकता है। ऐसी तमाम घटनाएं आज भी हमारे स्कूलों व घरों तक में सामने आती हैं। यदि स्कूल या कोचिंग में किसी बच्चे-बच्ची के साथ पढ़ाई के नाम पर आक्रामक व्यवहार होता है तो उम्मीद की जाती है कि परिवार उसके साथ मुश्किल समय में खड़ा होगा। लेकिन जब घर में माता-पिता ही हिंसक व्यवहार करने लगें तो मासूम किसके भरोसे रहेगा... कहने को देश में बच्चों के साथ होने वाले किसी भी हिंसक व्यवहार को रोकने के लिये तमाम तरह के प्रावधान सुरक्षा कवच उपलब्ध कराते हैं। लेकिन जब प्रवर्तन एजेंसियां ही उदासीन रहेंगी तो समस्या का समाधान संभव ही नहीं है। पहले तो स्कूलों में ही ऐसे मामलों पर पर्दा डालने की कोशिश की जाती है, फिर यदि मामला पुलिस या संबंधित विभाग के संज्ञान में आता भी है तो उसे रफा-दफा करने के प्रयास तेज हो जाते हैं। ऐसे मामलों में शिक्षक अभिभावक संगठन की भूमिका पर भी सवाल उठते रहे हैं। जिसमें अकसर शिक्षण संस्था के सुर में बोलने वाले अभिभावकों को ही रखा जाता है। आज भी यह एक गंभीर समस्या है और इसके गंभीर समाधान की जरूरत महसूस की जा रही है।

यह हमारे समाज की विडंबना ही कही जाएगी कि आज भी यह सोच बलवती है कि बच्चों के साथ सख्त व्यवहार से उनकी पढ़ने-लिखने की क्षमता में वृद्धि होती है। जबकि हकीकत यह है कि किसी भी आक्रामक व्यवहार से बच्चों पर गहरा नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। देश व दुनिया में हुए तमाम शोध व अध्ययन बताते हैं कि बच्चों के साथ सख्त व आक्रामक व्यवहार किए जाने से बच्चों की एकाग्रता व याद्दाश्त पर प्रतिकूल असर पड़ता है। उनकी निर्णय लेने की क्षमता भी प्रभावित होती है। जिसका नकारात्मक असर यह होता है कि बच्चे हीनभावना से ग्रसित हो जाते हैं। परिणाम स्वरूप वे अपनी कक्षा में पढ़ाई में पिछड़ जाते हैं। कालांतर यह भय व कुंठा जीवनभर उनका पीछा करती है। उनका आत्मविश्वास डिग जाता है। तब वे जीवन की स्पर्धा में भी दब्बू बनकर रह जाते हैं। यह भी विडंबना ही है कि आज भी बच्चों पर पढ़ाई का बोझ थोपने से पहले हमारे यहां किसी तरह का मनोवैज्ञानिक विश्लेषण नहीं होता है कि बच्चे की अभिरुचि किन विषयों में है। सही मायनों में हर बच्चा अपने आप में विशिष्ट होता है। कुदरत उसकी रचना किसी खास मकसद के लिये करती है। लेकिन मां-बाप व शिक्षक पहचान नहीं पाते कि उसका रुझान किस दिशा में है। यदि समय रहते बच्चे की उस प्रतिभा को पहचाना जा सके और उस विषय व दिशा में उसे प्रोत्साहित किया जाए, तो वे अप्रत्याशित रूप से किसी भी क्षेत्र में शिखर की सफलता हासिल कर सकते हैं। इसके अलावा कुछ बच्चे कई तरह के जन्मजात व आनुवंशिक रोगों से ग्रस्त हो सकते हैं, जो उनकी सामान्य पढ़ाई में बाधक हो सकता है। कई बच्चों में जन्म से ही दृष्टि दोष या कोई अन्य शारीरिक व मानसिक विकार भी हो सकता है, जिसके चलते वे अपनी पढ़ाई को ठीक से पूरा नहीं कर पाते। फलतः उन्हें शिक्षकों व परिजनों के हिंसक व्यवहार का शिकार होना पड़ता है। आज बच्चों को संवेदनशील ढंग से देखने की जरूरत है ताकि उनकी पढ़ाई में आने वाली बाधाओं को समय रहते दूर किया जा सके।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 29 जनवरी, गुरुवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2082, माघ शुक्लपक्ष एकादशी, 13:54 तक, नक्षत्र : रोहिणी, 07:30 तक, योग : इंद्र, 20:19 तक, सूर्योदयः 06:14, सूर्यास्तः 17:00, चन्द्रोदय : 13:31, चन्द्रास्तः 02:44, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : मकर, चन्द्र राशि : वृषभ, राहू काल : 13:12 से 14:34

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके लिए तनावग्रस्त रहने वाला है। बेवजह की भागदौड़ रहने से आप परेशान रहेंगे। आप किसी की कही सुनी बातों को लेकर परेशान न हो।

**वृष :** आज का दिन आपके लिए मौज मस्ती भरा रहने वाला है। अविवाहित जातकों के जीवन में किसी नए मेहमान की दस्तक हो सकती है। आप किसी दूसरे के मामले में बेवजह ना बोले।

**मिथुन :** यदि किसी प्रॉपर्टी के खरीद फरोख्त की योजना बनाई है, तो उसके चल व अचल पहलुओं को स्वाधीनता से जांच ले। आपका मन आज इधर-उधर के कामों में थोड़ा ज्यादा लगेगा।

**कर्क :** आज का दिन सांसारिक सुख भोग के साधनों मे वृद्धि लेकर आने वाला है। आप यदि परिवार में किसी सदस्य को कोई जिम्मेदारी देंगे, तो वह उस पर खरे उतरेंगे।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए मन मुताबिक लाभ दिलाने वाला रहेगा। आप दिल से लोगों का भला सोचेंगे, लेकिन लोग इसे आपका स्वार्थ समझ सकते हैं।

**कन्या :** आज आप अपने मन में चल रही उलझनों को लेकर अपनी माता जी से बातचीत करेंगे, जिससे आपके मन का बोझ भी थोड़ा कम होगा।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए किसी शुभ व मांगलिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए रहेगा। कोई विरोधी आपको परेशान करने की कोशिश कर सकता है।

**वृश्चिक :** आज का दिन आपके लिए कुछ नया करने के लिए रहेगा। आपके मन में काम को लेकर नई-नई आईडिया आएंगे ,जिन्हें आप बिजनेस में तुरंत लगाए।

**धनु :** आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपकी किसी बात को लेकर जीवनसाथी आपसे नाराज हो सकती हैं।

**मकर :** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती हैं।

**कुम्भ :** यदि आप कहीं घूमने फिरने जाएं, तो उसमें अपने माता-पिता से आशीर्वाद अवश्य लेकर जाएं। किसी इलेक्ट्रॉनिक आइटम को आप अपने घर लेकर आ सकते हैं।

**मीन :** आज आपको अपने बिजनेस को लेकर कुछ समस्याएं आएगी, जिनको लेकर आप परेशान रहेंगे। आपको अपने कामों में किसी दूसरे से सलाह लेने से बचना होगा।

# प्रगति50 : शासन को इरादा नहीं, डिलिवरी परिभाषित करती है



टी.के. रामचंद्रन

सरकार के दो परिवर्तनकारी कदमों-पीएम गति शक्ति और प्रगति-का विशाल परियोजनाओं की योजना बनाने, उन्हें कार्यान्वित करने और उनकी निगरानी करने पर गहरा असर पड़ा है। इस लेख में हम बाद वाले कदम के बारे में चर्चा कर रहे हैं।

प्रगति (प्रो-एक्टिव गवर्नेंस एंड टाइमली इम्प्लीमेंटेशन) प्रारूप के तहत आयोजित 50वीं उच्च-स्तरीय समीक्षा दर्शाती है कि शासन के प्रति भारत सरकार के रुख और उसे संचालित करने के तरीके में बहुत बड़ा बदलाव आया है। यह बदलाव नीयत से डिलिवरी की ओर, प्रक्रियागत अनुपालन से परिणामों की ओर तथा बिखरी हुई सत्ता से समन्वित एवं समयबद्ध कार्यान्वयन की ओर संकेत करता है। इस प्रकार प्रगति केवल एक प्रशासनिक नवाचार भर नहीं है; बल्कि यह शासन की संरचना की सोच-विचार कर की गई पुनर्रचना का प्रतिनिधित्व करता है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि जब शासन के अन्य मॉडल विफल रहे, तब यह मॉडल परिणाम देने में कैसे सफल हुआ?

प्रगति की आवश्यकता

सार्वजनिक परियोजनाओं में देरी होना लगभग आम बात रही है। फिर भी, शायद ही कभी इस देरी कारण नीति में स्पष्ट जानकारी या वित्तीय मंजूरी का अभाव रहा। शासन प्रणालियों का बिखराव इस देरी का कारण रहा है। मंत्रालय ऊपरी से निचले स्तर तक या वर्टिकली कार्य करते हैं; राज्य और केंद्र क्रमिक रूप से काम करते हैं; और विवाद निपटाने के अधिकार-संपन्न मंच न होने के कारण, विवाद लंबित पड़े रहते हैं। गतिविधियाँ बढ़ने के बावजूद जवाबदेही कमज़ोर होती जाती है। मुख्य समस्या कमज़ोर तालमेल और साइलो-बेस्ड समीक्षा तंत्र रही हैं।

इसके परिणामस्वरूप, परियोजना की डिलिवरी का व्यापक उद्देश्य अक्सर कहीं खो जाता है। कई परियोजनाएँ जमीनी विवाद, पर्यावरण या वन मंज़ूरी, नियामक अनुमोदन, संविदा से जुड़े विवादों या राज्यों के बीच तालमेल संबंधी चुनौतियों के कारण वर्षों तक अटकी रहीं। एक बहु-मंत्रालयीय और बहु-राज्यीय राजनीतिक अर्थव्यवस्था में, जहाँ प्रत्येक संस्था अपने अधिकार क्षेत्र पर प्रभुत्व जमाए हुए होती है, किसी के लिए भी दूसरे को राजी करना कठिन हो जाता है।

जब परियोजना की पूर्ति में कई राज्यों और मंत्रालयों को योगदान देना होता है, तो बैठकें करने, चर्चा करने, फील्ड दौरे करने, समितियाँ बनाने और अंतहीन पत्राचार करने की पुरानी प्रक्रिया बेअसर साबित होती है। यह एक ऐसा तरीका था, जिसमें चर्चा को निर्णय, गतिविधि को काम, गति को प्रगति और केवल नीयत को उपलब्धि समझ लिया जाता था।

**प्रगति का आगमन**

प्रगति निर्णय लेने, समन्वय करने और लागू करने के तरीके को नए तरीके से डिजाइन कर लगातार बनी रहने वाली इन संरचनात्मक कमियों को दूर करता है। प्रणालीगत समन्वयक के रूप में काम करते हुए यह मंत्रालयों, राज्यों और जिलों के निर्णयकर्ताओं को एक ही संस्थागत और डिजिटल मंच पर लाता है। यह फ़ाइलों के आदान-प्रदान, क्षेत्राधिकार की अस्पष्टता और विभागीय पत्राचार के कारण होने वाली देरी को समाप्त करता है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह कार्यान्वयन का विस्तृत दृष्टिकोण बहाल करता है, जिससे नेतृत्व फ़ाइलों की लंबित स्थिति के बजाय प्रणाली से संबंधित रुकावटों की पहचान कर सकता है।

प्रगति के तहत होने वाली समीक्षा की अध्यक्षता करने में माननीय प्रधानमंत्री की भूमिका इसकी सफलता के लिए बहुत जरूरी है। उनका सीधा जुड़ाव इस बात का स्पष्ट संकेत देता है कि डिलिवरी राष्ट्रीय प्राथमिकता है और कार्यान्वयन की विफलताओं पर सर्वोच्च स्तर पर ध्यान दिया जाएगा। यह निर्णायक कार्रवाई को सुगम बनाता है और समीक्षा को परिणामों के लिए एक बाध्यकारी ढांचे में बदल देता है। इन समीक्षाओं के दौरान लिए गए निर्णय अंतिम, समयबद्ध और डिजिटल रूप से रिकॉर्ड किए जाते हैं, जिससे जवाबदेही स्पष्ट और लागू करने योग्य होती है।

प्रौद्योगिकी महत्वपूर्ण सक्षमकर्ता के रूप में कार्य करती है। रीयल-टाइम डेटा, जियो-स्पैशियल विज़ुअलाइज़ेशन और क्षेत्रीय अधिकारियों के साथ सीधे संवाद हितधारकों के बीच जानकारी की असमानता समाप्त करते हैं और निर्णयों को साक्ष्यों के आधार पर लिया जाना सुनिश्चित करते हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि प्रौद्योगिकी प्रशासनिक निर्णय क्षमता को बदलने के बजाय उसे सुदृढ़ करती है, जिससे प्रणाली के भीतर नेतृत्व की जिम्मेदारी और मजबूत होती है।

प्रगति में समापन पर जोर दिया जाता है और यही बात उसे पहले के समीक्षा तंत्रों से अलग बनाती है। समस्याएँ तब तक सक्रिय रहती हैं, जब तक उन्हें हल नहीं किया जाता, और उन्हें लगातार कैबिनेट सचिवालय और प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा ट्रैक किया जाता है। केवल स्पष्टीकरण देना अब परिणामों का विकल्प नहीं है। समय के साथ, इस अनुशासन ने प्रशासनिक व्यवहार को बदल दिया है, जिससे मंत्रालयों और राज्यों को समस्याओं का पूर्वानुमान लगाने और उन्हें बढ़ने से पहले हल करने की प्रवृत्ति बढ़ी है

**परिणाम**

परिणाम स्पष्ट रूप से दिखाई देते हैं और आकलन करने योग्य हैं। 85 लाख करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं में तेज़ गति से काम हुआ गई है। हाल के वर्षों में, प्रगति के तहत पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय (एमओपीएसडब्ल्यू) की दस परियोजनाओं की समीक्षा की गई, जिससे अड़चनों का जल्द समाधान हुआ और तेज़ी से कार्यान्वयन संभव हुआ। मैं उदाहरण के रूप में दो परियोजनाओं को प्रस्तुत करूँगा।

लोथल में राष्ट्रीय समुद्री धरोहर परिसर (एनएमएचसी) एक विशाल परियोजना है, जिसमें केंद्र सरकार के संस्कृति, रक्षा, विदेश, रेल और राजमार्ग जैसे कई मंत्रालयों के साथ-साथ गुजरात सरकार भी शामिल हैं। साथ ही, कई तटीय राज्यों के पवेलियन स्थापित किए जाने हैं, इसलिए संबंधित राज्य भी इस परियोजना का हिस्सा हैं। पिछले वर्ष एनएमएचसी परियोजना को प्रगति के एजेंडे में शामिल करने से कई स्तरों पर तुरंत कार्रवाई शुरू हो गई। सामान्यतः एजेंडे को प्रधानमंत्री द्वारा समीक्षा से कुछ महीने पहले सूचित किया जाता है, जिससे विभिन्न हितधारकों को प्राथमिकता के साथ मुद्दों को हल करने का अवसर मिलता है। परिणामस्वरूप, ज्यादातर मुद्दे जो आधिकारिक/मंत्रालय स्तर पर हल किए जा सकते हैं, पहले ही सुलझ जाते हैं और केवल मार्गदर्शन या दिशा की आवश्यकता वाले शेष जटिल मुद्दे ही वास्तविक समीक्षा के दौरान उठाए जाते हैं।

इसी तरह, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल से गुजरने वाले राष्ट्रीय जलमार्ग (एनडब्ल्यू)-1 पर लागू की जा रही जल मार्ग विकास परियोजना की प्रगति के तहत दो बार समीक्षा की गई। यह परियोजना अब समापन चरण में है और अधिकांश लंबित मुद्दे हल हो चुके हैं।

प्रगति फोरम एक महत्वपूर्ण सत्य पर जोर देता है: सार्वजनिक मूल्य या पब्लिक वेल्यू केवल योजनाओं की घोषणा करने से नहीं, बल्कि मंजूर किए गए निवेश के नतीजों में परिणत होने से उत्पन्न होता है। अटकी हुई परियोजनाएँ केवल नीतियों को दोबारा निरुपित किए जाने के कारण ही आगे नहीं बढ़ी, बल्कि कार्यान्वयन के मार्ग को आसान बनाने और जवाबदेही लागू करने के कारण आगे बढ़ीं। प्रगति का सहकारी संघवाद में योगदान भी उतना ही महत्वपूर्ण है। मुख्य सचिवों और केंद्रीय सचिवों को एक ही रीयल-टाइम प्लेटफ़ॉर्म पर लाया जाना बंटी हुई जिम्मेदारी के स्थान पर परिणामों की साझा जिम्मेदारी स्थापित करता है।

प्रगति 50 इस बात का सबूत है कि शासन के नतीजे संस्था की संरचना पर निर्भर करते हैं। साइलो समाप्त करके, कार्यान्वयन का व्यापक दृष्टिकोण बहाल करके और कार्य समाप्त करने को प्राथमिकता देकर, प्रगति यह दर्शाता है कि असरदार शासन का आशय केवल कार्यभार बढ़ाना नहीं, बल्कि पहले से स्वीकृत कार्य को तेज़ी, गुणवत्ता और तालमेल के साथ पूरा करना है। समयबद्ध कार्यान्वयन सेवाओं तक त्वरित पहुँच कायम करता है, अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहित करता है, क्षेत्रीय असमानताओं को घटाता है और सरकार की शासन करने की क्षमता में जनता का विश्वास मजबूत करता है।

प्रगति केवल नेतृत्व-प्रधान डिलिवरी का रिकॉर्ड ही नहीं, बल्कि जटिल शासन को संचालित करने की रूपरेखा भी है। वैश्विक स्तर पर इसे मिल रही तवज्जो और प्रशंसा इसी बात का प्रमाण है।

**(लेखक पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के पूर्व सचिव हैं)**

## नित्यानंद राय ने सीआईएसएफ 'वंदे मातरम्' तटीय साइक्लोथॉन-2026 का किया वर्चुअल शुभारंभ

**सुरक्षित तट, समृद्ध भारत' के लक्ष्य के साथ 25 दिवसीय राष्ट्रीय अभियान आरंभ**

**नई दिल्ली :** केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की प्रमुख राष्ट्रीय जन-जागरूकता पहल 'वंदे मातरम् तटीय साइक्लोथॉन-2026' का आज मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम, नई दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से शुभारंभ किया गया। केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री श्री नित्यानंद राय ने साइक्लोथॉन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर के साथ ही 25 दिनों के इस विशाल राष्ट्रीय अभियान की औपचारिक शुरुआत हुई। सीआईएसएफ की दो साइक्लिंग टीमें एक साथ बक्कखाली (पश्चिम बंगाल) और लखपत (गुजरात) से रवाना हुईं। ये टीमें देश के पूर्वी और पश्चिमी तटों के लगभग 6,500 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए 9 तटीय राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों से होकर गुजरेंगी। साइक्लोथॉन का समापन 22 फरवरी 2026 को कोच्चि में होगा। शुभारंभ समारोह में डॉ. पल्लवी जैन गोविल (सचिव, युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय), श्री शत्रुजीत कपूर (महानिदेशक, आईटीबीपी), श्री प्रवीर रंजन (महानिदेशक, सीआईएसएफ), श्री राकेश अग्रवाल (महानिदेशक, एनआईए), श्री गौरव द्विवेदी (सीईओ, प्रसार भारती) सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। सभी गणमान्य अतिथियों ने इंडिया गेट के निकट आयोजित संक्षिप्त साइकिल रैली में भाग लेकर अभियान को प्रतीकात्मक समर्थन दिया। समारोह को संबोधित करते हुए श्री नित्यानंद राय ने कहा कि यह आयोजन 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह पहल प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 'सागर - क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास' के विजन के अनुरूप है, जो 'सुरक्षित तट, समृद्ध भारत' की अवधारणा को साकार करती है। उन्होंने यह भी कहा कि नागरिकों, विशेषकर तटीय समुदायों की सक्रिय सहभागिता से ही तटीय सुरक्षा को सुदृढ़ बनाया जा सकता है। महानिदेशक सीआईएसएफ श्री प्रवीर रंजन ने बताया कि यात्रा के दौरान साइक्लोथॉन 52 तटीय गांवों में रुकेगी, जिन्हें सीआईएसएफ द्वारा एक वर्ष तक सतत सहभागिता के लिए गोद लिया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य तटीय क्षेत्रों को सशक्त बनाना, सामुदायिक जागरूकता बढ़ाना तथा एक सतर्क, स्वस्थ और जिम्मेदार नागरिक समाज का निर्माण करना है।

## तीन बार राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित बीएसएफ के सेवानिवृत्त आईजी एसएस गुलेरिया का निधन

**✒ बंगाल सीमा पर लंबे समय तक दी थी सेवा, मवेशी तस्करी बंद कराने में निभाई थी अहम भूमिका**

**कोलकाता, समाज्ञा :** तीन बार राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के सेवानिवृत्त महानिरीक्षक (आईजी) और बेहद कर्तव्यनिष्ठ व जांबाज अधिकारी सुरजीत सिंह गुलेरिया का सोमवार को गणतंत्र दिवस के दिन निधन हो गया। वे 62 वर्ष के थे। गुलेरिया पिछले कुछ समय से कैंसर से जूझ रहे थे। मूल रूप से हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के देहरा तहसील के खैरिया गांव निवासी गुलेरिया ने दिल्ली के मैक्स अस्पताल में सोमवार की सुबह अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर सामने आते ही पूरे बीएसएफ में शोक की लहर छा गई। बीएसएफ के माध्यम से 37 वर्षों तक राष्ट्र की असाधारण व बेदाग सेवा के बाद गुलेरिया करीब डेढ़ साल पहले



ही अप्रैल, 2024 में कोलकाता में बल के पूर्वी कमान मुख्यालय में आईजी (बार्डर आपरेशन) के पद से सेवानिवृत हुए थे। बंगाल सीमा पर उन्होंने लंबे समय सेवा दी थी। खासकर तस्करी व घुसपैठ के लिए कुख्यात रहे दक्षिण बंगाल व पूर्वी राज्यों से लगती भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा के जरिए मवेशी तस्करी के खिलाफ निर्णायक प्रहार कर उसे लगभग पूरी तरह बंद कराने में उन्होंने अहम भूमिका निभाई थी। बीएसएफ के महानिदेशक (डीजी) आइपीएस प्रवीण कुमार सहित बल के सभी रैंकों के अधिकारियों व कर्मियों ने गुलेरिया के निधन पर गहरा दुख जताते हुए अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की है। गुलेरिया का मंगलवार को हिमाचल के कांगड़ा स्थित अपने पैतृक गांव में पूरे सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। गुलेरिया 1987 में सहायक कमांडेंट के रूप में बीएसएफ में शामिल हुए थे और अपने लंबे व शानदार करियर में उन्होंने विभिन्न दुर्गम मोर्चों व महत्वपूर्ण पदों पर सेवाएं दी। उन्होंने जम्मू कश्मीर में आतंकवाद के शुरुआती दौर में ड्यूटी करने से लेकर पंजाब, राजस्थान और बंगाल सीमा पर महत्वपूर्ण योगदान दिया था। गुलेरिया की उल्लेखनीय उपलब्धियों में 2019 में बीएसएफ के दक्षिण बंगाल फ्रंटियर, कोलकाता में डीआइजी (जी यानी खुफिया) के रूप में उनकी तैनाती के बाद भारत-बांग्लादेश सीमा पर मवेशी तस्करी के खिलाफ की जाने वाली सफल कार्रवाई थी।

## भारत-यूरोपीय संघ एफ़टीए को वैश्विक समर्थन, अंतरराष्ट्रीय मीडिया और नेताओं ने बताया ऐतिहासिक समझौता

**नई दिल्ली :** भारत और यूरोपीय संघ के बीच संपन्न मुक्त व्यापार समझौते (एफ़टीए) को लेकर वैश्विक स्तर पर ठोस, सकारात्मक और उत्साहजनक प्रतिक्रियाएँ सामने आई हैं। अंतरराष्ट्रीय मीडिया संस्थानों, यूरोपीय देशों के शीर्ष राजनीतिक नेतृत्व, वैश्विक व्यापार जगत के प्रमुखों और प्रतिष्ठित नीति विशेषज्ञों ने इस समझौते का स्वागत करते हुए इसे आर्थिक, रणनीतिक और भू-राजनीतिक दृष्टि से ऐतिहासिक करार दिया है।

**अंतरराष्ट्रीय मीडिया की व्यापक सराहना**

प्रमुख वैश्विक मीडिया संस्थानों ने भारत-यूरोपीय संघ एफ़टीए के दायरे, महत्वाकांक्षा और इसके समय-निर्धारण को विशेष रूप से रेखांकित किया है। **द टेलीग्राफ** ने इसे सभी व्यापार समझौतों की जननी बताते हुए कहा कि इस सौदे से



भारत रणनीतिक रूप से सबसे बड़ा विजेता बनकर उभरा है। अख़बार के अनुसार, समझौते के तहत यूरोपीय संघ द्वारा भारत को किए जाने वाले 96 प्रतिशत से अधिक निर्यात पर शुल्क समाप्त या कम होंगे, जबकि यूरोपीय संघ भारत से आने वाले लगभग सभी उत्पादों पर अगले कुछ वर्षों में शुल्क घटाएगा।

**वॉल स्ट्रीट जर्नल** ने इसे वैश्विक शुल्क और व्यापार अनिश्चितताओं के बीच मध्यम शक्तियों की संतुलित प्रतिक्रिया बताया। **न्यूयॉर्क टाइम्स** ने दो दशकों की बातचीत के बाद हुए इस समझौते को दुनिया के सबसे बड़े आर्थिक ब्लॉक और सबसे तेज़ी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के मिलन के रूप में देखा। **वॉशिंगटन पोस्ट, गार्डियन** और **बीबीसी** ने भी इसे ऐतिहासिक बताते हुए मदर ऑफ ऑल ट्रेड डील्स की संज्ञा दी।

**ब्लूमबर्ग** ने आपूर्ति श्रृंखलाओं के गहरे एकीकरण और ऑटोमोबाइल क्षेत्र में बड़े शुल्क कटौती की संभावनाओं पर प्रकाश डाला, जबकि रॉयटर्स, एसोसिएटेड प्रेस और अल जज़ीरा ने इसे वैश्विक व्यापार के एक-तिहाई हिस्से को प्रभावित करने वाला समझौता बताया।

**विदेशी नेताओं की सकारात्मक प्रतिक्रिया**

यूरोप के कई शीर्ष नेताओं ने इस समझौते को सार्वजनिक रूप से समर्थन दिया। जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज़ ने इसे विकास और समृद्धि के लिए बेहद सकारात्मक संकेत बताया। फ़िनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्ज़ेंडर स्टब ने इसे अब तक का सबसे बड़ा व्यापार समझौता करार देते हुए कहा कि इससे आर्थिक और राजनीतिक रिश्ते और मजबूत होंगे। स्वीडन, ऑस्ट्रिया, डेनमार्क और फ्रांस के वरिष्ठ नेताओं ने भी इसे सहयोग के नए युग की शुरुआत बताया।

**व्यापार जगत और विशेषज्ञों का भरोसा**

यूरोपीय और वैश्विक व्यापार नेताओं ने इस समझौते को लंबे समय से प्रतीक्षित सफलता बताया। एयरबस, इंडो-जर्मन चैंबर ऑफ कॉमर्स और बिज़नेस यूरोप जैसे संगठनों के नेताओं ने इसे निवेश, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण, आपूर्ति श्रृंखला स्थिरता और लघु-मध्यम उद्यमों के विकास के लिए निर्णायक कदम बताया। नीति विशेषज्ञों का मानना है कि यह समझौता न केवल व्यापारिक लाभ देगा, बल्कि भारत-यूरोपीय संघ रणनीतिक साझेदारी को भी नई ऊँचाई पर ले जाएगा। विश्लेषकों के अनुसार, यह एफ़टीए बदलते वैश्विक आर्थिक और राजनीतिक परिदृश्य में भारत की बढ़ती भूमिका को और सशक्त करता है।

## वर्ग पहेली नं. 3335

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | ■ | 4 | | 5 | 6 |
| ■ | | ■ | 7 | 8 | 9 | | ■ | 10 | |
| 11 | | 12 | ■ | 13 | | ■ | 14 | ■ | |
| | ■ | 15 | | | ■ | 16 | | 17 | |
| ■ | 18 | | ■ | 19 | 20 | ■ | 21 | | ■ |
| 22 | | ■ | 23 | ■ | 24 | 25 | | ■ | 26 |
| 27 | | ■ | 28 | 29 | | | ■ | 30 | |
| | ■ | 31 | | | ■ | 32 | | | ■ |
| 33 | | | ■ | 34 | | | ■ | 35 | |

*बायें से दायें:-* 1) आपसदारी; यातायात, 4) देहावसान, 7) दुर्बल, 10) किनारा; होंठ, 11) बालबच्चे, 13) गीला, 15) क्रोधी, 16) समभार, 18) छोला, 19) अधिकार; केवल, 21) दानी, 22) मुँह, 24) निरर्थक, 27) छाती, 28) नमस्कार, 30) एक पक्षी, 31) भाँति, 32) तुरंत का दूहा गया दूध, 33) थोड़ा, 34) कीचड़, 35) अभी बना.

*ऊपर से नीचे:-* 2) नाई, 3) एक इंद्रिय, 4) विलंब, 5) छोटा तंबू, 6) परिवर्तित, 8) स्वार्थ, 9) बल, 11) दोस्त, 12) त्रिगुणित, 14) उत्साही, 17) एक पक्षी, 18) ज़ायक़ा लेना, 20) प्रातःकाल, 22) समस्या, 23) अनुबंध, 25) धंधा, 26) अंजलि, 29) सुगंध, 30) गरमी, 31) पर्यन्त. *(उत्तरः अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | नु | चि | त | ■ | अ | ग्र | ज | ■ | स |
| न | ■ | ■ | वा | प | स | ■ | मा | लू | म |
| व | ह | म | ■ | च | म | न | ■ | ■ | र्थ |
| धा | ■ | ज | ब | ड़ा | ■ | क़ | री | ब | न |
| न | ग़ | मा | ■ | ■ | का | ली | ■ | हु | ■ |
| ■ | ल | ■ | प्र | ण | य | ■ | अं | त | र |
| म | त | दा | ता | ■ | र | सी | द | ■ | म |
| र | ■ | स | प | ना | ■ | ख | र | बू | ज़ा |
| ज़ी | ■ | ता | ■ | मी | च | ना | ■ | आ | न |

## सुडोकू-पहेली-3293

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 1 | | | 6 |
| 4 | 7 | | 3 | | | 2 | | |
| 8 | | | | | | | | |
| 5 | | | | | 6 | | 4 | |
| | | | | 8 | | 7 | | |
| | | | 5 | | | | | |
| | | 3 | | | 5 | | 7 | 4 |
| | 6 | 9 | | | 8 | | | |
| | | | | | 2 | | 9 | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3292 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 6 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 5 | 9 | 3 | 6 | 4 |
| 4 | 3 | 1 | 2 | 7 | 6 | 9 | 8 | 5 |
| 8 | 9 | 4 | 5 | 1 | 3 | 6 | 7 | 2 |
| 6 | 1 | 2 | 4 | 9 | 7 | 8 | 5 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 8 | 2 | 4 | 1 | 9 |
| 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 8 | 5 | 4 | 1 |
| 1 | 4 | 8 | 3 | 2 | 5 | 7 | 9 | 6 |
| 9 | 5 | 6 | 7 | 4 | 1 | 2 | 3 | 8 |

# घुसपैठ और एसआईआर मुद्दे को लेकर तृणमूल पर बरसे भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन

❑ भाजपा अध्यक्ष ने राज्य के नौकरशाहों से टीएमसी नेताओं के इशारों पर न चलने का किया आग्रह

**दुर्गापुर :** भाजपा के अध्यक्ष नितिन नवीन ने बुधवार को तृणमूल कांग्रेस सरकार पर घुसपैठ को संरक्षण देकर राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालने और राज्य में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान मतदाताओं को परेशान करने का आरोप लगाया। पार्टी अध्यक्ष पद संभालने के बाद पश्चिम बंगाल के अपने पहले दौरे के दौरान दुर्गापुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए नवीन ने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस जानबूझकर राज्य की जनसांख्यिकी बदलने और 'बंगाल को बांग्लादेश बनाने' का प्रयास कर रही है और यह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है। उन्होंने आरोप लगाया कि




तृणमूल कांग्रेस सरकार घुसपैठ को संरक्षण दे रही है और अवैध मतदाताओं की रक्षा कर रही है, जबकि मूल बंगालियों को डराया-धमकाया जा रहा है। तृणमूल राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डाल रही है। एसआईआर को लेकर ममता सरकार पर निशाना साधते हुए भाजपा अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ पार्टी संविधान के तहत अनिवार्य इस प्रक्रिया को पटरी से उतारने के लिए दुष्प्रचार और भय फैलाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि एक ओर निर्वाचन आयोग घुसपैठियों और फर्जी मतदाताओं को हटाने के लिए दृढ़ संकल्पित है, दूसरी ओर तृणमूल कांग्रेस सरकार भय का माहौल बना रही है और निर्वाचन आयोग की छवि धूमिल करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि बंगाल की जनता को यह समझना चाहिए कि निर्वाचन आयोग किसी को परेशान नहीं कर रहा है। वह उन लोगों को अवैध रूप से यहां आए हैं और जिनके नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं हैं। नवीन ने आरोप लगाया कि एसआईआर प्रक्रिया को कमजोर करने के लिए राज्य सरकार का दुरुपयोग किया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि निर्वाचन आयोग नहीं, बल्कि तृणमूल कांग्रेस सरकार की कठपुतली की तरह काम कर रहे डीएम, एसडीओ और बीडीओ लोगों को डराकर एक संवैधानिक संस्था की छवि खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। जनसांख्यिकीय बदलाव के मुद्दे को ऐतिहासिक व वैचारिक संदर्भ में पेश करते हुए नवीन ने जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि पूर्वी पाकिस्तान में विलय के प्रयासों को मुखर्जी द्वारा विरोध किए जाने के कारण ही बंगाल आज अपने वर्तमान स्वरूप में मौजूद है। उन्होंने कहा कि बंगाल इसलिए बच पाया क्योंकि मुखर्जी उन ताकतों के खिलाफ मजबूती से डटे रहे। आज भी वैसी ही ताकतें सक्रिय हैं। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि जो लोग बंगाल की मिट्टी की संतान नहीं हैं, वे यहां अधिकार का दावा नहीं कर सकते। भाजपा कार्यकर्ता किसी भी तरह का बलिदान देने को तैयार हैं, लेकिन हम बंगाल को बांग्लादेश में मिलाने नहीं देंगे। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से 'घुसपैठ' के खिलाफ आंदोलन तेज करने का आह्वान किया। भाजपा नेता ने एसआईआर प्रक्रिया को आगामी विधानसभा चुनावों की व्यापक राजनीतिक लड़ाई से भी जोड़ा और दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस प्रमुख और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी दिल्ली में रोना रो रही हैं। नवीन ने तृणमूल कांग्रेस सरकार पर 'जंगलराज' कायम करने का आरोप लगाते हुए कहा कि प्रशासन की जगह भ्रष्टाचार और अराजकता ने ले ली है और पार्टी नेता खुलेआम 'टीएमसी टैक्स' वसूल रहे हैं। उन्होंने कहा कि कारखाने बंद कर दिए गए हैं और भ्रष्टाचार की कंपनियां खोल दी गई हैं। भाजपा अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि भर्ती घोटालों से जुड़े कई मंत्री या तो जेल में हैं या जमानत पर बाहर हैं। उन्होंने कहा कि मामलों का सामना कर रहे लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। नवीन ने कहा कि पश्चिम बर्धवान जिले का दुर्गापुर कभी एक औद्योगिक केंद्र था, जहां बिहार और झारखंड से कामगार व छात्र आते थे, लेकिन तृणमूल कांग्रेस शासन में औद्योगिक विकास ठप हो गया है। उन्होंने कहा कि सिंगूर आंदोलन के दौरान ममता बनर्जी ने औद्योगीकरण का वादा किया था। पंद्रह साल बाद हालात यह हैं कि पुरानी औद्योगिक इकाइयां भी बंद हो रही हैं और युवाओं को राज्य से बाहर पलायन करना पड़ रहा है। महिलाओं के खिलाफ अपराधों को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए नवीन ने क्षेत्र में दुर्गापुर में दुष्कर्म की एक घटना का जिक्र किया और प्रशासन पर संवेदनहीनता तथा आरोपी को संरक्षण देने का आरोप लगाया। भाजपा नेता ने 'सनातन' परंपराओं के साथ भेदभाव किए जाने का आरोप लगाया और दावा किया कि अजान पर कोई पाबंदी नहीं है जबकि दुर्गा पूजा में अड़चनें डाली जाती हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी सनातनी इसे बर्दाश्त नहीं करेगा।

## राज्यपाल ने राज्य के दो विश्वविद्यालयों के लिए नियुक्त किए नए कुलपति

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस ने बुधवार को दो विश्वविद्यालयों में पूर्णकालिक नए कुलपतियों की नियुक्ति की। इससे एक दिन पहले उन्होंने तीन विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की नियुक्ति की थी, जहां दो साल से अधिक समय से स्थायी प्रमुखों की नियुक्ति नहीं हुई थी। लोक भवन के एक बयान में कहा गया है कि प्रोफेसर निमाई चंद्र साहा को हरिचंद गुरुचंद विश्वविद्यालय का कुलपति नियुक्त किया गया है, जबकि प्रोफेसर अयान भट्टाचार्य संस्कृत कॉलेज और विश्वविद्यालय का कार्यभार संभालेंगे। साथ ही, राज्यपाल के राज्य विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति की जिम्मेदारी संभालते हुए उन्होंने यह नियुक्तियां कीं। इससे एक दिन पहले 27 जनवरी को अरुणाभ गोस्वामी को बाबा साहेब अंबेडकर शिक्षा विश्वविद्यालय का कुलपति, देबव्रत बसु को उत्तर बंग कृषि विश्वविद्यालय का कुलपति और देबब्रत मित्रा को पश्चिम बंगाल राज्य विश्वविद्यालय का कुलपति नियुक्त किया गया।

## एलजी ने 2026 बीईई स्टार रेटेड एसी की नई रेंज उतारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड ने 2026 के नए ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी (बीईई) मानकों के अनुरूप एयर कंडीशनरों की नई रेंज बाजार में उतारने की घोषणा की है। उद्योग अनुमानों के मुताबिक, 2026 मानकों वाले 5-स्टार एसी से उपभोक्ता 10 वर्षों में लगभग 19,000 तक की बचत कर सकते हैं। नए मॉडल में प्रीकूल और एनर्जी मैनेजर+ जैसे स्मार्ट फीचर दिए गए हैं, जो उपयोग और लोकेशन आधारित ऑटोमेशन से कूलिंग और बिजली उपयोग को नियंत्रित करते हैं। एलजी के को-चीफ सेल्स एंड मार्केटिंग ऑफिसर संजय चितकारा ने कहा कि कंपनी भविष्य के ऊर्जा मानकों के अनुरूप उत्पाद लाने और उपभोक्ताओं को किफायती, ऊर्जा-कुशल समाधान देने के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी जागरूकता अभियान भी चलाएगी।

## कोलकाता मेडिकल कॉलेज में छात्रों के विरोध का सामना करते दिखे तृणमूल विधायक निर्मल माजी

### लगे 'चोर-चोर' के नारे

**कोलकाता :** कोलकाता मेडिकल कॉलेज के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान तृणमूल कांग्रेस के नेता एवं विधायक निर्मल माजी को छात्रों के एक वर्ग के तीव्र विरोध का सामना करना पड़ा। सूत्रों के अनुसार, बुधवार सुबह करीब 10 बजे जैसे ही निर्मल माजी कॉलेज परिसर में पहुंचे, छात्रों के एक हिस्से ने उनके खिलाफ 'चोर-चोर' और 'गो बैक' के नारे लगाने शुरू कर दिए।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, जब निर्मल माजी मंच पर भाषण देने के लिए खड़े हुए, तब विरोध और तेज हो गया। छात्रों की ओर से लगातार नारेबाजी होने लगी, जिससे कार्यक्रम स्थल पर तनावपूर्ण स्थिति बन गई। हालात बिगड़ते देख निर्मल माजी को



अपना भाषण अधूरा छोड़कर कार्यक्रम स्थल से बाहर निकलना पड़ा।

हालांकि, इस घटना को लेकर निर्मल माजी की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। प्रदर्शनकारी छात्रों का कहना है कि यह विरोध उनके स्वयं के कार्यकलापों के कारण हुआ है। इस घटना के बाद से इलाके के राजनीतिक गलियारों में तीखी चर्चा और हलचल तेज हो गई है।

## महावीर चौक पर गूंजे नवकार मंत्र, जैन स्तंभ शिलान्यास में उमड़ा जनसैलाब

**कोलकाता, समाज्ञा :** महावीर चौक पर जैन स्तंभ के शिलान्यास का पावन कार्यक्रम बुधवार को श्रद्धा, उत्साह और गरिमामयी वातावरण में संपन्न हुआ। यह आयोजन जैन समाज के लिए गौरव का विषय होने के साथ सामाजिक एकता और सांस्कृतिक पहचान का सशक्त प्रतीक भी बना। जीतो कोलकाता की पहल एवं पूरे जैन समाज के सामूहिक अनुरोध पर राज्य सरकार ने हेश्याम रोड के निकट स्थित एक प्रमुख चौक का नाम महावीर चौक रखा है। यह स्थल भगवान महावीर के सिद्धांतों और संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम बनेगा।

इस समारोह में जीतो कोलकाता के चेयरमैन धर्मेंद्र जैन, मुख्य सचिव सुमित कोठारी, केएमसी वार्ड 70 के काउंसलर आशिम बोस, दिनेश जैन,



चंद्रेश मेघानी, प्रदीप पटवा, दीपक गाथानी, अजय भंसाली, हर्षद अजमेरा, चिराग शाह, जसवीर शेठ, मिलन वोरा, कमलेश खारा, सौरभ जैन, राजेश भीमानी, बोरो 8 की एक्जीक्यूटिव इंजीनियर पापिया दी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत नवकार मंत्र के सामूहिक जाप से हुई। इसके बाद, जीतो कोलकाता के चेयरमैन धर्मेंद्र जैन ने सामूहिक लोगस्स पाठ कराया। इस अवसर पर आशिम बोस ने परियोजना से जुड़े सभी लोगों को शुभकामनाएं देते हुए इसके शीघ्र पूर्ण होने की बात कही। चौक पर स्थापित होने वाला भव्य जैन स्तंभ राजस्थान में उच्च गुणवत्ता वाले संगमरमर से तैयार किया जा रहा है, जिसे शीघ्र ही कोलकाता लाया जाएगा। यह जानकारी दिनेश गंगवाल द्वारा दी गई है।

## जांच में 'असुविधा', सीबीआई की दलील मानते हुए हाई कोर्ट ने बीरभूम से हटाया बोगटुई मामला

**कोलकाता :** बोगटुई नरसंहार मामले की सुनवाई अब बीरभूम के बजाय पूर्व बर्धमान की अदालत में होगी। बुधवार को कलकत्ता हाईकोर्ट ने यह निर्देश दिया। सीबीआई की ओर से जांच में आ रही असुविधाओं का हवाला देते हुए मामला स्थानांतरित करने की अपील की गई थी, जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया।

यह मामला न्यायमूर्ति अजयकुमार मुखोपाध्याय की एकल पीठ में सुनवाई के लिए आया था। सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति ने बोगटुई मामले को अन्य जिले में स्थानांतरित करने का आदेश दिया। साथ ही बीरभूम के जिला जज से इस संबंध में एक विस्तृत रिपोर्ट भी तलब की गई है।

उल्लेखनीय है कि बोगटुई में हुई भीषण सामूहिक हत्या के बाद



राज्य सरकार ने पहले एसआईटी गठित कर जांच शुरू की थी। बाद में कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश पर जांच का जिम्मा सीबीआई को सौंपा गया। एसआईटी ने इस मामले में 33 लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया था, जिसमें बाद में तीन और नाम जोड़े गए। जांच में बाधा की शिकायत के बाद अब हाईकोर्ट ने मामले की सुनवाई पूर्व बर्धमान स्थानांतरित करने का निर्देश दिया है।

## धूमधाम से संपन्न हुआ बिहारीजी का बसंत महोत्सव व मंदिर स्थापना का रजत जयंती वर्ष

**कोलकाता :** श्री बिहारीजी मंदिर के बैनर तले श्री बिहारीजी महाराज व श्री पुरुषोत्तमदास बाबा का 38वां बसंत महोत्सव और कोलकाता मंदिर स्थापना का रजत जयंती वर्ष रविवार (25 जनवरी) को धूमधाम से संपन्न हुआ। पाथुरियाघाट स्ट्रीट स्थित श्री बिहारीजी मंदिर में दोपहर दो बजे नीलू-बिरम प्रकाश सुल्तानिया द्वारा किए गए ज्योत प्रज्वलन के साथ शुरू हुआ महोत्सव रात दस बजे के करीब आरती के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान अनुपम श्रृंगार व छप्पन भोग के समक्ष कृष्ण कांत सोनी, प्रदीप शर्मा, मनोहर व्यास, विजय सोनी, निहाल ठाकरान, रोहित शर्मा (जिम्मी) व श्री श्याम मंडल (नूतन बाजार) के सदस्यों ने भजन रस की सरिता प्रवाहित कर उपस्थिति बाबा



सेवकों को भाव-विभोर कर दिया। इस मौके पर ताजा टीवी व छपते छपते के संपादक विश्वंभर नेवर, श्री मनोहर दास (खाटूधाम), स्थानीय पार्षद ईलोरा साहा, पूर्व पार्षद मृणाल साहा, समाजसेवी निर्मल सराफ व त्रिकोरी दत्ता समेत कई जाने माने लोग उपस्थित थे। सभी अतिथियों को शॉल व दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया गया।

संचालन सच्चिदानंद पारीक ने किया। बसंत महोत्सव को सफल बनाने में जुटे चंद बाबा सेवकों को भी दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया गया। मंदिर के प्रमुख बिरम प्रकाश सुल्तानिया ने बताया कि बसंत महोत्सव में शामिल होने रायगढ़, रांची, चाईबासा, कुल्टी, आसनसोल, राजगंगपुर, खरसिया, चिड़ावा, नववृंदावन (भड़ूंदा) व टाटानगर के अलावा पड़ोसी देश नेपाल (काठमांडू) से भी दर्जनों की संख्या आए। सुल्तानिया ने बताया कि बसंत महोत्सव को सफल बनाने में बाबा सेवकों ने महत्ती भेमिका निभाई।

## श्रृंगला ने 'वाइब्रेंट सिलीगुड़ी - विजन 2047' का किया अनावरण

❑ उत्तरी बंगाल के लिए विकास रोडमैप पेश

**कोलकाता, समाज्ञा :** संसद सदस्य और पूर्व विदेश सचिव हर्ष वर्धन श्रृंगला ने वाइब्रेंट सिलीगुड़ी - विजन 2047 का अनावरण किया। यह व्यापक रोडमैप सिलीगुड़ी को पारगमन प्रवेश द्वार से एक राष्ट्रीय स्तर के विकास, कनेक्टिविटी और नवाचार केंद्र में बदलने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। कार्यक्रम सिलीगुड़ी सिटिजन्स फोरम द्वारा होटल हाइलैंड, सेवोक रोड में आयोजित किया गया, जिसमें नीति निर्माता, उद्योग प्रतिनिधि, नागरिक समाज और स्थानीय नागरिक उपस्थित थे। श्रृंगला ने सिलीगुड़ी के रणनीतिक महत्व और नेपाल, भूटान, बांग्लादेश और चीन के निकट होने पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शहर भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी, नेबरहुड फर्स्ट अप्रोच और इंडो-पैसिफिक आउटलुक में केंद्रीय भूमिका निभाता है। रोडमैप में बुनियादी ढांचा, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, स्मार्ट सिटी समाधान, भूमिगत एमआरटी, वन्यजीव गलियारे और कुर्सियोंग-मिरिक के लिए केबल-कार कनेक्टिविटी जैसी परियोजनाओं पर जोर है। केंद्रीय विश्वविद्यालय और एम्स स्तर की स्वास्थ्य सुविधाएँ भी प्रस्तावित हैं। राज्यसभा सांसद संगीता यादव ने सिलीगुड़ी को मिनी इंडिया बताते हुए कहा कि इस क्षेत्र को अपनी पूरी क्षमता तक पहुंचाने के लिए 2047 तक इंतजार नहीं करना चाहिए।

## ब्रेथवेट एंड कंपनी लिमिटेड में हर्षोल्लास से मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस

**कोलकाता, समाज्ञा :** ब्रेथवेट एंड कंपनी लिमिटेड में 77वां गणतंत्र दिवस गरिमा और देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। कंपनी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक नवीन कुमार ने मुख्यालय परिसर और विक्टोरिया वर्क्स में राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित किया। उन्होंने कंपनी के बेहतर प्रदर्शन पर संतोष व्यक्त करते हुए सामूहिक प्रयासों से भविष्य में और प्रगति का विश्वास जताया। निदेशक (वित्त) आर. विराबाहु ने स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते हुए बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में कंपनी ने 1589 करोड़ के सर्वाधिक टर्नओवर का लक्ष्य निर्धारित किया है। निदेशक (उत्पादन) संजीव रस्तोगी ने रेलवे, इंफ्रास्ट्रक्चर और रक्षा क्षेत्रों में कंपनी की भूमिका पर प्रकाश डाला।




यूनियन सचिव फारूख आजम ने कर्मचारियों की एकजुटता की सराहना की। कार्यक्रम में कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इसके साथ ही, अन्य इकाइयों में भी ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम में कार्यपालक निदेशक (मा0 सं0, प्रशासन एवं सुरक्षा) पी.के. मिश्र, कार्यपालक निदेशक (कॉर्पोरेट अफेयर्स एवं परियोजना विकास) देवाशीष दे, महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा) प्रियदर्शी चटर्जी सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त, कंपनी की एंगस वर्क्स इकाई में महाप्रबंधक (प्रभारी) प्रमोद कुमार सिन्हा तथा वाडलापुडी इकाई में मुख्य परियोजना प्रबंधक सरोज कुमार सेनापति ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और अधिकारियों व कर्मचारियों को संबोधित किया।

## अमेजन ग्रॉसरी लाता है रिपब्लिक डे वीकेंड सेल, टॉप ब्रांड्स पर बड़ी बचत

**कोलकाता, समाज्ञा :** रिपब्लिक डे के लंबे वीकेंड पर अमेजन ग्रॉसरी ने विशेष ऑफर और डील्स के साथ उपभोक्ताओं को आकर्षित किया है। अमेजन नाऊ, अमेजन फ्रेश और एवरीडे एसेंशियल्स के माध्यम से ग्राहक घर बैठे अल्ट्रा-फास्ट डिलीवरी और 2 घंटे के स्लॉट में ताज़ी सब्ज़ियों, फलों और रोज़मर्रा की जरूरतों का लाभ उठा सकते हैं। इस अवसर पर ट्रैवल-फ्रेंडली फूड पैक्स, रेडी-टू-ईट गॉरमेट विकल्प, बेबी केयर, पेट केयर, हेल्थ और पर्सनल केयर प्रोडक्ट्स पर आकर्षक छूट दी जा रही है। हगीस, पैंपर्स, फिलिप्स एवेंट, ट्रू एलिमेंट्स, हैप्पिलो जैसे ब्रांड्स उपलब्ध हैं। अमेजन पे के माध्यम से प्राइम और नॉन-प्राइम ग्राहकों को कैशबैक, इंस्टेंट क्रेडिट और बैंक ऑफर्स का लाभ मिलेगा। इसके अलावा फ्लाइट, होटल और बस बुकिंग पर भी विशेष छूट दी जा रही है। इस सेल के जरिए ग्राहक अपनी जरूरतों और ट्रैवल प्लान को आसानी से पूरा कर सकते हैं।

## विक्टोरिया मेमोरियल में गूंजा 'वन्दे मातरम', 150वीं वर्षगांठ पर आरपीएफ बैंड का देशभक्ति कार्यक्रम



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के आरपीएफ ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय गीत 'वन्दे मातरम्' की 150वीं वर्षगांठ पर एक विशेष समारोह आयोजित किया। यह कार्यक्रम विक्टोरिया मेमोरियल हॉल के उत्तर मुख स्थल पर आयोजित हुआ। समारोह का संचालन वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद के. देउस्कर उपस्थित थे। कार्यक्रम में ईआरडबल्यूडबल्यूओ के अध्यक्ष सीमा देउस्कर, आईजी-कम-पीसीएससी, पूर्व रेलवे के एजीएम, एसडीजीएम, सियालदह के डीआरएम, हावड़ा के डीआरएम और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। आरपीएफ बैंड के संगीत प्रदर्शन ने दर्शकों को गहराई से प्रभावित किया। इस आयोजन में लगभग 3,000 दर्शक शामिल हुए, जिन्होंने देशभक्ति, एकता और राष्ट्रीय जागरूकता का उत्सव मनाया। कार्यक्रम ने राष्ट्रीय गीत की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्ता को उजागर किया।

## 4 दिवसीय स्वास्थ्य चेतना एवम् निःशुल्क चिकित्सा का सेवा शिविर

❑ सेवा शिविर में 1 हजार से अधिक नागरिकों ने लाभ लिया

**कोलकाता :** श्री मैढ़ क्षत्रिय सभा एवं श्री बेलूर ब्राह्मण पंचायत के संयुक्त तत्वावधान में राजस्थान ब्राह्मण संघ, अखिल भारतीय गौड़ ब्राह्मण सभा, खाण्डल विप्र सभा एवम् ट्रस्ट के सहयोग से आयोजित चार दिवसीय स्वास्थ्य चेतना एवं परीक्षण शिविर स्वर्णकार भवन, कलाकार स्ट्रीट में सम्पन्न हुआ। संयोजक सज्जन सहल, जे पी सुगंध ने बताया 4 दिवसीय सेवा शिविर में डीसन, नारायणा हेल्थ, आयुर्वेदाचार्य लक्ष्मण व्यास, डॉ. ए के सिंह, डॉ. राहुल सिंह, डॉ. नेहा वर्मा, नागरिक स्वास्थ्य संघ के नेत्र चिकित्सक डॉ. दिनेश सिंह, डॉ. दीपक मंडल, थर्मल एक्यूप्रेशर बेड, एक्यूप्रेशर चिकित्सा में सेवारत कविता एस गुप्ता, हेमन्त जोशी, अशोक गंगवाल, चिराप्रेक्टर 360 पैथी के डॉ. ए सिन्हा, डॉ. एस दत्ता, डॉ. पी बराई, एवम् मेडिकल स्टाफ की सेवाओं का 1 हजार से अधिक नागरिकों ने लाभ लिया। विधायक विवेक गुप्ता, पार्षद



मीना देवी पुरोहित, पार्षद महेश शर्मा, विकास चन्द चांडक, विद्याधर चोटिया, जगमोहन जोशी सहित अतिथियों ने सामाजिक कार्यकर्ताओं की कर्तव्य निष्ठा की सराहना करते हुए सेवा शिविर में आयोजकों का उत्साहवर्धन किया। सेवा शिविर के चेयरमैन आनन्द शर्मा, समाजसेवी शंकरलाल सणखत, बिमल पारीक, महेश हरितवाल, रामगोपाल पीपलवा, विकास शर्मा, बनवारीलाल शर्मा, गणेश डोकवाल, विजय कुल्थिया, भीमसेन भामा, वेद प्रकाश जोशी, सज्जन झिकनारिया, रामगोपाल चोटिया, निर्मल शर्मा, अनिल गंगावत, सत्यनारायण सिंह, संजय उपाध्याय, महेन्द्र गुप्ता एवम् अतिथियों ने सेवा शिविर में कहा बढ़ता हुआ प्रदूषण, असंतुलित आहार, तनाव, महंगाई एवम् समस्याओं से जूझ रहे नागरिकों, विशेषकर मध्यम एवम् गरीब वर्ग के नागरिक महंगी चिकित्सा से त्रस्त हैं। स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से सेवा शिविर का आयोजन किया गया।

## ईआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ ने हावड़ा ऑर्थोपेडिक अस्पताल को सौंपी चार रेफ्रिजरेटर, मरीजों की सुविधा बढ़ी



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे महिला कल्याण संगठन (ईआरडबल्यूडबल्यूओ) ने सराहनीय पहल करते हुए हावड़ा ऑर्थोपेडिक अस्पताल को चार रेफ्रिजरेटर दान किए। यह कदम अस्पताल में भर्ती मरीजों के लिए आवश्यक चिकित्सा सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यह दान ईआरडबल्यूडबल्यूओ की अध्यक्ष सीमा देउसकर द्वारा संगठन की अन्य सदस्याओं की उपस्थिति में किया गया। ये रेफ्रिजरेटर दवाइयों, खाद्य पदार्थों तथा अन्य जरूरी चिकित्सा सामग्रियों के सुरक्षित भंडारण में सहायक होंगे। अस्पताल भ्रमण के दौरान सीमा देउसकर और ईआरडबल्यूडबल्यूओ की सदस्याओं ने विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया, मरीजों के बीच भोजन पैकेट वितरित किए तथा उनसे संवाद कर उनका हालचाल जाना। इस अवसर पर देउसकर ने डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ और अस्पताल कर्मियों की समर्पित सेवाओं की सराहना की।

## द कलकत्ता एंग्लो गुजराती स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस

**कोलकाता, समाज्ञा**

गणतंत्र दिवस के गौरवपूर्ण अवसर पर द कलकत्ता एंग्लो गुजराती स्कूल में 77वां गणतंत्र दिवस उत्साह, देशभक्ति और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संयुक्त सचिव चंद्रेश मेधानी द्वारा त्रिभुवनबप्पा को माल्यार्पण से हुआ। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने देशभक्ति और नागरिक चेतना से ओतप्रोत शानदार प्रस्तुतियां दीं। मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए गए तथा परिमल अजमेरा ने दीप प्रज्ज्वलित किया। वहीं, मुख्य सचिव जय कामदार द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस मौके पर उपस्थित अतिथिगण चंद्रेश मेधानी (संयुक्त सचिव), गीतांजलि बेन



ठक्कर (पूर्व प्राथमिक तथा प्राथमिक विभाग के अध्यक्ष), परेश के दफ्तरी (विद्यालय प्रबंधक समिति), जीमी सैनी (प्रधानाचार्या), जयदीप मुखर्जी (विभागाध्यक्ष), जयंती गांगुली (स्नातक स्तरीय विभागाध्यक्ष), विश्वजीत कुंडू (स्नातक स्तरीय विभागाध्यक्ष), प्रोफेसर कमल चक्रवर्ती और समन्वयक भास्वती चौधरी, अनिता रॉय, प्रीति पॉल, सोनल जगानी, रोहिणी गुप्ता एवं समस्त अतिथिगण ने भारतीयध्वज को सम्मानित करते हुए अपने देश प्रेम को प्रकट किया।

## रेल मंत्रालय ने राज्य में तीन नयी रेल लाइनों के लिए अंतिम सर्वेक्षण' को दी मंजूरी

**कोलकाता, समाज्ञा :** रेल मंत्रालय ने पश्चिम बंगाल में कुल 178 किलोमीटर लंबी तीन नयी रेल लाइनों के लिए अंतिम सर्वेक्षण को मंजूरी दे दी है। पूर्व रेलवे के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। पूर्व रेलवे के एक अधिकारी ने बताया कि इन परियोजनाओं से राज्य और आसपास के क्षेत्रों में रेल संपर्क और बुनियादी ढांचे में उल्लेखनीय सुधार होने की उम्मीद है। अधिकारी ने कहा कि नयी परियोजनाएं राजनगर और बकरेश्वर धाम के माध्यम से 73 किलोमीटर लंबी सिउरी-नाला, 27 किलोमीटर लंबी आरामबाग-खानाकुल और 78 किलोमीटर रसूलपुर-जंगलपारा हैं। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित सिउरी-नाला लाइन पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले के सिउरी और झारखंड के जामताड़ा जिले के नाला के बीच सीधी रेल कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। पूर्व रेलवे के अधिकारी ने कहा कि यह मार्ग बकरेश्वर धाम जैसे क्षेत्रों में तीर्थयात्रा और पर्यटन की संभावनाओं को खोलेगा और आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण, लेकिन उपेक्षित दो क्षेत्रों के बीच अंतरराज्यीय संपर्क को बेहतर बनाएगा। उन्होंने कहा कि हुगली जिले में 27 किलोमीटर लंबी आरामबाग-खानाकुल रेलवे लाइन का अपार सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व है, क्योंकि यह भारतीय पुनर्जागरण के प्रतीक माने जाने वाले राजा राममोहन राय की जन्मभूमि है।

## नॉर्थ हावड़ा यूथ फोरम ने 77वां गणतंत्र दिवस सेवा कार्यों के साथ मनाया

**हावड़ा :** 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर नॉर्थ हावड़ा यूथ फोरम ने स्वर्गीय अनिल कुमार खटेड़, कांता देवी खटेड़ और कमल श्री खटेड़ की स्मृति में बांधघाट में नारायणा हॉस्पिटल के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया। कार्यक्रम की शुरुआत परिवार के सदस्यों, डॉक्टरों और फोरम की महिला सदस्यों द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुई। शिविर में लगभग 131 लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। कार्यक्रम में उत्तर हावड़ा के विधायक गौतम चौधरी, वार्ड 15 के पूर्व पार्षद अनूप चक्रवर्ती (डाकू दा), बंगाल भाजपा के पूर्व सचिव उमेश राय, सुरेंद्र जैन, तारक नाथ साव, कांग्रेस नेत्री रजनी सिंह और दिलीप पांडेय सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। नारायणा हॉस्पिटल की टीम और मालीपंचघड़ा ट्रैफिक को विशेष धन्यवाद दिया गया। आयोजन को सफल बनाने में रितेश, श्रेयांस, ज्योति, मनीष, पारुल, ऋतु खटेड़, रोहित संचेती, अक्षय सेठिया, आशीष अग्रवाल, गौरंग दौरी, उमेश साव, हरिप्रसाद अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, पवन धारीवाल, सुनील साध, नीपा घोष, गोबिंद दा और अभिषेक टिबरेवाल सभी का सहयोग रहा।

## एसआईआर के डर से पिता की मौत, शव घर पर छोड़ सुनवाई केंद्र पहुंचे दो बेटे

**मालदा :** एसआईआर को लेकर फैले भय के बीच मालदा जिले से एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। मानिकचक में एसआईआर की आशंका से एक व्यक्ति की मंगलवार सुबह मौत हो गई। मृतक का नाम शेख सरिफुल (55) है, जो मानिकचक ब्लॉक के नूरपुर ग्राम पंचायत अंतर्गत निचु तियोरपाड़ा का निवासी था। परिजनों के अनुसार, कुछ दिन पहले शेख सरिफुल के दो बेटों के नाम एसआईआर से संबंधित सुनवाई नोटिस आया था। इसके बाद से ही वे अत्यधिक तनाव में थे। मतदाता सूची में परिवार के नाम रहेंगे या नहीं, इसी चिंता ने उन्हें मानसिक रूप से तोड़ दिया था। मंगलवार तड़के अचानक उनकी तबीयत बिगड़ी और अस्पताल ले जाने से पहले ही घर पर उनका निधन हो गया। इसी दिन मृतक के दोनों बेटों को एसआईआर सुनवाई केंद्र में उपस्थित होने का नोटिस था। मजबूरी में वे पिता का शव घर पर छोड़कर सुनवाई केंद्र पहुंचे। सभी आवश्यक दस्तावेज जमा कर सुनवाई पूरी करने के बाद वे घर लौटे और फिर पिता के पार्थिव शरीर को कंधा देकर कब्रिस्तान ले गए। इस घटना को लेकर इलाके में भारी शोक और सनसनी फैल गई है। परिजनों ने शेख सरिफुल की मौत के लिए एसआईआर को लेकर बने भय और मानसिक दबाव को जिम्मेदार ठहराया है।

# कोलकाता में बनेगा देश का सबसे आधुनिक श्मशान घाट 'मोक्षधाम', मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रखी आधारशिला

**❑ प्रेरणा फाउंडेशन की पहल पर 65 करोड़ की लागत से विकसित होगा अत्याधुनिक श्मशान परिसर**

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रेरणा फाउंडेशन द्वारा दहीघाट (वाटगंज) में प्रस्तावित देश के सबसे बड़े श्मशान घाट 'मोक्षधाम' परियोजना की आधारशिला मंगलवार को नवान्न सभागार में आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रखी। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि अंतिम संस्कार की प्रक्रिया को सम्मानजनक, स्वच्छ और सुव्यवस्थित बनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है।



मुख्यमंत्री ने बताया कि करीब 65 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस अत्याधुनिक श्मशान घाट में आठ लकड़ी की चिताएं, दो इलेक्ट्रिक क्रेमेटोरियम, प्रतीक्षालय, ध्यान एवं प्रार्थना कक्ष, पार्किंग, हरित परिसर तथा प्रदूषण-नियंत्रण की आधुनिक व्यवस्था होगी। साथ ही श्मशान/कब्रिस्तान परिसर के सौंदर्यीकरण पर लगभग 20 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। बैठक में कोलकाता नगर निगम के मेयर व निकाय मंत्री जनाब फिरहाद हकीम, मुख्य सचिव, मुख्य आयुक्त व निगम के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बोर्ड अध्यक्ष सज्जन भजनका ने कहा कि इस सुविधा से दक्षिण कोलकाता और साल्टलेक क्षेत्रों को लाभ होगा। ट्रस्ट बोर्ड के सचिव पवन टिबरेवाला ने मुख्यमंत्री का आभार जताया।

इस अवसर पर फाउंडेशन के ट्रस्टीगण हरि प्रसाद बुधिया, हरि मोहन बांगड़, महाबीर प्रसाद अग्रवाल, प्रह्लाद राय अग्रवाल, हेमंत बांगड़, देबांजन मण्डल, सजन कुमार बंसल, कुंज बिहारी अग्रवाल, सुरेश चंद्र बंसल, बिमल कुमार चौधरी, रमेश कुमार सरावगी, गोपाल टांटिया, अपूर्व सलारपुरिया, दिनेश आडूकिया, अमित कुमार सरावगी, सुभाष चंद्र अग्रवाला, राजकुमार केजरीवाल, सुरेश चंद्र गोयल, बनवारी लाल शर्मा, बृजमोहन बेरीवाला, महेश चंद्र शाह, राजेन्द्र कुमार बच्छावत, ओमप्रकाश जालान के अलावा विशिष्ट अतिथि सुशील गोयनका, सुशील मोहता, संजय बुधिया, अतुल टांटिया, अनिल सरावगी, सुभाष अग्रवाल, प्रदीप खेतान, गोपाल चंद्र शाह, हरिकिशन चौधरी, मुकेश बंसल, बिरम प्रकाश सुलतानिया, देवकीनंदन तोदी, के. के. टिबड़ेवाला, अतुल धानुका, मयंक बेरीवाल, संतोष सराफ, सुशील पोद्दार व आर्किटेक्ट आयन सेन भी उपस्थित थे।

# एसएससी घोटाला : अयोग्य शिक्षकों को 10 साल का वेतन ब्याज सहित लौटाने का निर्देश

**नई दिल्ली/कोलकाता :** एसएससी भर्ती घोटाले में लिप्त दागी शिक्षकों की मुश्किलें अब और बढ़ने वाली हैं। सुप्रीम कोर्ट ने एक कड़ा रुख अपनाते हुए स्पष्ट कर दिया है कि भ्रष्टाचार के जरिए नौकरी पाने वाले अयोग्य शिक्षकों को पिछले 10 वर्षों के दौरान मिला पूरा वेतन अब 12 प्रतिशत वार्षिक ब्याज के साथ सरकारी खजाने में लौटाना होगा। बुधवार को हुई सुनवाई के दौरान इस आदेश के बाद प्रभावित शिक्षकों के बीच हड़कंप मच गया है। कोर्ट के इस फैसले को उन हजारों पात्र अभ्यर्थियों के लिए एक बड़ी जीत माना जा रहा है, जो योग्यता के बावजूद वर्षों से सड़कों पर संघर्ष कर रहे हैं। अदालत का मानना है कि धोखाधड़ी के जरिए अर्जित किया गया सार्वजनिक धन किसी भी परिस्थिति में व्यक्ति के पास नहीं रहना चाहिए। इस बीच, राज्य के स्कूल शिक्षा विभाग ने शीर्ष अदालत में हलफनामा दाखिल कर सूचित किया है कि दागी शिक्षकों से वेतन वसूली की प्रक्रिया आधिकारिक रूप से शुरू कर दी गई है।

विभाग ने सभी जिलों के जिलाधिकारियों (डीएम) को पत्र लिखकर निर्देश दिए हैं कि वे चिह्नित अयोग्य शिक्षकों को नोटिस जारी करें और उनसे प्राप्त वेतन की कुल राशि का ब्योरा मांगें। हालांकि, विपक्षी वकीलों और याचिकाकर्ताओं ने इस पर सवाल उठाते हुए कहा कि कागजी कार्रवाई के बावजूद अब तक कितने शिक्षकों से वास्तविक रूप से वसूली हुई है, इसका कोई ठोस आंकड़ा सामने नहीं आया है। अदालत की इस कार्रवाई ने उन लोगों को भी नींद उड़ा दी है जिन्होंने नियमों को ताक पर रखकर नियुक्तियां करवाई थीं। शिक्षा विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, ब्याज संहित वसूली जाने वाली यह राशि करोड़ों में होने का अनुमान है। अब सबकी नजरें इस बात पर टिकी हैं कि राज्य प्रशासन जिला स्तर पर इस वसूली अभियान को कितनी तत्परता से लागू करता है।

## 'गोइंग विद गंगा' हेरिटेज वॉक में विद्यार्थियों की भागीदारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** नोपानी हाई स्कूल द्वारा विशेष हेरिटेज वॉक 'गोइंग विद गंगा'का आयोजन किया गया। मिनर्वा थिएटर से शुरू हुई इस 2.2 किमी लंबी पदयात्रा में कक्षा छठी से नौवीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पदयात्रा की शुरुआत में विद्यालय के प्रधानाचार्य दिव्येंदु सेन शर्मा ने कोलकाता की समृद्ध रंगमंच परंपरा पर प्रकाश डाला। रवींद्र कानन पार्क, नोपानी हाई स्कूल के ऐतिहासिक भवन और चार्नांक-लोहिया अस्पताल से होते हुए यह यात्रा जोड़ासांको ठाकुरबाड़ी में संपन्न हुई। इस हेरिटेज वॉक में नोपानी हाई स्कूल के साथ-साथ आर. एन. सिंह मेमोरियल स्कूल, कलकत्ता गर्ल्स स्कूल, श्री दिगंबर जैन विद्यालय, हरियाणा पब्लिक स्कूल और द पार्क इंग्लिश स्कूल के विद्यार्थी भी शामिल हुए।

## बीआरसी टाटा स्ट्रक्चरा मैराथन 2026 के साथ जुड़ा स्टाइल बाजार

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व भारत के प्रमुख फैशन रिटेल ब्रांड स्टाइल बाजार ने द बंगाल रोइंग क्लब द्वारा आयोजित बीआरसी टाटा स्ट्रक्चरा मैराथन 2026 के साथ जुड़कर फिटनेस, सामुदायिक सहभागिता और सक्रिय जीवनशैली के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। 25 जनवरी को रवींद्र सरोवर झील के सुंदर परिवेश में आयोजित इस मैराथन में 15 किमी, 10 किमी, 5 किमी और 3 किमी की दौड़ शामिल थी। इस वर्ष 15 किमी कैटेगरी की शुरुआत की गई, जिससे उत्साही धावकों के लिए नई चुनौती पैदा हुई। कोलकाता के पुलिस कमिश्नर मनोज कुमार वर्मा, आईपीएस ने गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में रेस का उद्घाटन किया और 10 किमी कैटेगरी में सक्रिय रूप से भाग लिया। स्टाइल बाजार के सह-संस्थापक और निदेशक रोहित केडिया ने कहा, एक स्वस्थ समुदाय ही जीवंत शहर की नींव है।

## एसआईआर के सुनवाई के लिए पहुंचे फरार आसामी की पीट-पीटकर हत्या, पांच गिरफ्तार

**हावड़ा, समाज्ञा :** जिले के श्यामपुर के दिहीमंडल घाट के पूर्व पाड़ा में मंगलवार को पुरानी दुश्मनी के चलते एक आदमी की कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान शेख असगर (62) के रूप में हुई है। आरोप है कि पुरानी दुश्मनी के कारण उस आदमी को पीट-पीटकर मार डाला गया। पुलिस ने इस घटना में 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, असगर का घर बरदाबर पंचायत इलाके में है। कुछ समय पहले पड़ोसियों से झगड़े के कारण श्यामपुर थाने में असगर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई थी। एक मामला भी दर्ज किया गया था। तब से असगर अपना घर छोड़कर चला गया था। असगर उलुबेरिया थाना क्षेत्र के कुलगाछिया इलाके में रहने लगा था। वह मंगलवार को एसआईआर की सुनवाई के लिए गांव लौटा था। आरोप है कि उसी मौके पर उसे बुरी तरह पीटा गया। श्यामपुर थाने की पुलिस ने उसे बचाया और झुमझुमी अस्पताल ले गई। परिवार वालों को भी सूचना दी गई। जब परिवार ने थाने में शिकायत दर्ज कराई, तो पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया। इस बीच, मंगलवार की रात इलाज के दौरान असगर की अस्पताल में मौत हो गई। इस संबंध में हावड़ा ग्रामीण जिले के पुलिस अधीक्षक सुबिमल पाल ने कहा कि गिरफ्तार लोगों को हिरासत में लेकर घटना की जांच की जा रही है। असगर के परिवार वालों ने दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग की है।

## डीपीएस हावड़ा में 'विरासत - ए लेगेसी' धरोहर उत्सव, भारतीय संस्कृति का रंगारंग आयोजन

**हावड़ा :** दिल्ली पब्लिक स्कूल हावड़ा में 'विरासत - ए लेगेसी' नामक अंतरविद्यालयी धरोहर उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें भारत की समृद्ध सांस्कृतिक, कलात्मक और ऐतिहासिक परंपराओं का उत्सव मनाया गया। कोलकाता और हावड़ा के प्रतिष्ठित विद्यालयों- जीडी गोयनका, सैनी इंटरनेशनल स्कूल महेशतला, एच.एम. एजुकेशन सेंटर, सैनी इंटरनेशनल स्कूल हावड़ा, डीपीएस न्यूटाउन, डीपीएस बारासात, डीपीएस हावड़ा, श्री शिक्षायतन और सिल्वर पॉइंट स्कूल-के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कक्षा 6 से 12 तक के छात्रों ने मंचीय और गैर-मंचीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर भारतीय विरासत की विविध छवियाँ प्रस्तुत कीं। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्या सुनीता अरोड़ा ने दीप




प्रज्वलन कर किया। उन्होंने कहा कि 'विरासत' केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि अपनी जड़ों की यात्रा है। निर्णायक मंडल में गुरु प्रदीप्त नियोगी, अनुराधा नियोगी, ऋत्विक गुच्छैत, सयंतन दत्ता, सोमनाथ दलाल, रूपा गांगुली, आरात्रिक भाद्र, सोमायु मुखर्जी, मोहम्मद शब्बीर बेग, आतिफ खान और शुभम चौधरी उपस्थित रहे। इस दौरान नृत्य प्रवाह, रिद्म्स ऑफ हेरिटेज, कला संस्कृति रूनवा, कल का आईना, वस्त्रों पर परंपरा, मुद्राशास्त्र प्रदर्शनी, भूले-बिसरे स्वाद और क्यूरेटर चैलेंज जैसे कार्यक्रमों ने विद्यार्थियों को रचनात्मक अभिव्यक्ति का मंच दिया। ईशिका रॉय, आयुष हाजरा, रुपसा दास और आर्याना डे ने अपने अनुभव साझा किए। समारोह का समापन पुरस्कार वितरण और राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## सीडब्ल्यूबीटीए-कोलकाता पुलिस संवाद बैठक में 135 व्यापार संगठनों की भागीदारी

**❑ सुरक्षा और साइबर अपराध पर मंथन**

**कोलकाता, समाज्ञा :** कानून-व्यवस्था, व्यापारी सुरक्षा और साइबर सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर बुधवार को एक उच्चस्तरीय संवाद बैठक आयोजित की गई, जिसमें पश्चिम बंगाल के 135 व्यापार संगठनों से जुड़े 250 से अधिक वरिष्ठ प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। यह कार्यक्रम कॉन्फेडरेशन ऑफ वेस्ट बंगाल ट्रेड एसोसिएशंस (सीडबल्यूबीटीए) और कोलकाता पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में पुलिस ट्रेनिंग स्कूल (पीटीएस), एजेसी बोस रोड, कोलकाता में आयोजित हुआ।



बैठक में कोलकाता पुलिस आयुक्त मनोज वर्मा, आईपीएस मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ रुपेश कुमार, आईपीएस (संयुक्त पुलिस आयुक्त), डॉ. प्रणव कुमार, आईपीएस (अपर पुलिस आयुक्त), अभिषेक मोदी (उप पुलिस आयुक्त - साइबर क्राइम) और प्रियब्रत राय, आईपीएस (उप पुलिस आयुक्त - दक्षिण डिवीजन) भी मंच पर मौजूद थे। सीडबल्यूबीटीए के अध्यक्ष सुशील पोद्दार ने स्वागत भाषण दिया और प्रश्न-उत्तर सत्र का संचालन किया, जिसमें व्यापारियों ने सीधे पुलिस अधिकारियों से संवाद कर अपनी समस्याएं और सुझाव रखे।

कार्यक्रम में सीडबल्यूबीटीए के प्रमुख संरक्षक एवं वरिष्ठ सदस्य वी.के भंडारी, सी.के वर्धराजन, प्रदीप लुहारिवाला, एन.के कपूरिया, एस.के चोरारिया, जी.डी बागरी, फिरोज एच अली, अभिषेक अग्रवाल, धिमान दास, प्रदीप खेतान, गोकुल बिहारी साह, तारक दास और चंदन राय सहित अनेक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। संरक्षक वी.के भंडारी ने साइबर सुरक्षा जागरूकता के लिए पुलिस आयुक्त और उनकी टीम का आभार जताया तथा सुझाव दिया कि ऐसे संवाद नियमित रूप से आयोजित किए जाएं। इस बैठक में साइबर अपराध, डिजिटल धोखाधड़ी, बाजार सुरक्षा, जबरन वसूली और त्वरित शिकायत निवारण जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। कोलकाता पुलिस ने साइबर फ्रॉड से बचाव के उपाय साझा करते हुए व्यावसायिक क्षेत्रों में सक्रिय पुलिसिंग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का समापन सीडबल्यूबीटीए और कोलकाता पुलिस के बीच निरंतर समन्वय बनाए रखने की प्रतिबद्धता के साथ हुआ।

## सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स लाया 'एलिमेंट्स ऑफ लव' डायमंड कलेक्शन और खास छूट

**कोलकाता, समाज्ञा :** सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स ने वैलेंटाइन डे के अवसर पर अपना नया अभियान 'एलिमेंट्स ऑफ लव' लॉन्च किया है। यह अभियान बिना शब्दों के व्यक्त होने वाले प्रेम और आत्मीय रिश्तों की गहराई को दर्शाता है। इस अभियान में प्रस्तुत डायमंड ज्वेलरी को स्थायी रिश्तों और अनकहे भावनात्मक बंधनों का प्रतीक बताया गया है। प्रकृति से प्रेरित इस श्रृंखला में प्रेम को चार तत्वों पृथ्वी, जल, अग्नि और वन से जोड़ा गया है। सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स के एमडी एवं सीईओ सुवंकर सेन ने कहा कि 2025 की चुनौतियों के बाद रिश्ते और मजबूत हुए हैं, और यह कलेक्शन उसी स्थायी प्रेम की झलक है। वहीं, निदेशक एवं विपणन व डिजाइन प्रमुख जोइता सेन ने बताया



कि यह कलेक्शन अनकहे पलों को संजोने का माध्यम है।

वैलेंटाइन ऑफर के तहत सोने के आभूषणों पर प्रति ग्राम 150 की छूट और मेकिंग चार्ज पर 35% तक की छूट दी जा रही है। डायमंड ज्वेलरी पर 25% तक छूट, चांदी व गॉसिप ज्वेलरी पर 10% तक छूट, पुराने सोने के एक्सचेंज पर शून्य कटौती तथा रत्न आभूषणों पर 10% की छूट उपलब्ध है। एवरलाइट डिजाइन 20,000 से और अहम डिजाइन 35,000 से शुरू हैं। साथ ही 9 कैरेट 'क्लाउड 9' कलेक्शन 10,000 से उपलब्ध है। ग्राहकों को खरीदारी पर विशेष कूपन भी दिए जा रहे हैं।

## उत्तरपाड़ा में युवक की अस्वाभाविक मौत से हड़कंप

**हुगली, समाज्ञा :** उत्तरपाड़ा थाना क्षेत्र में एक युवक की अस्वाभाविक मौत से इलाके में हड़कंप मच गया है। मृतक का शव एक नामी-गिरामी स्वर्ण आभूषण दुकान के कारखाने के अंदर फंदे से झूलता हुआ बरामद किया गया। युवक की पहचान शुभंकर पात्रा के रूप में हुई है, जो पश्चिम मेदनीपुर जिले के दातन थाना क्षेत्र का निवासी बताया जा रहा है।




घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। मृतक के परिजनों ने इसे आत्महत्या मानने से इनकार करते हुए हत्या की आशंका जताई है। उनका आरोप है कि शव के पैर जमीन से सटे हुए थे और शरीर पर चोट के निशान भी मौजूद थे, जिससे मामला संदिग्ध प्रतीत होता है। परिजनों का यह भी आरोप है कि प्रारंभ में पुलिस ने किसी प्रभावशाली व्यक्ति के दबाव के चलते शिकायत दर्ज करने से परहेज किया, लेकिन मीडिया के हस्तक्षेप के बाद मामला दर्ज किया गया।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए वॉल्स अस्पताल भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि यह मामला हत्या का है या आत्महत्या का।

## राजलदेसर नागरिक परिषद ने दिव्यांग को स्कूटी वाहन किया भेंट



**कोलकाता, समाज्ञा :** राजलदेसर नागरिक परिषद द्वारा गणतंत्र दिवस पर साल्टलेक के एबी ब्लॉक में अध्यक्ष बाबूलाल दूधौड़िया, सचिव राकेश चंडालिया, कोषाध्यक्ष जय बिनायक के साथ अशोक बैद, विक्रम दूधौड़िया, मनीष दूगड़, रितेश बैद, कृष्णा दूधौड़िया सहित अनेक गणमान्य लोगों की उपस्थिति में दिव्यांग फूल विक्रेता प्रदीप दे को स्कूटी प्रदान की गई। कार्यक्रम मे साल्टलेक की पार्षद रत्ना भोमिक सहित ब्लॉक के गणमान्य लोगों की भी उपस्थित रही। पिछले दिनों राजलदेसर नागरिक परिषद गंगासागर मेला (आउट्राम घाट) में उपाध्यक्ष सुशील कुंडलियां एवं कार्यकारिणी सदस्य गौरव बोथरा के सानिध्य में अनेक सदस्यों की उपस्थिति में सैकड़ों कंबल का वितरण, भोजन एवं साधु संतों को शीत वस्त्र भी प्रदान कर किया गया। परिषद का आगामी होली कार्यक्रम 28 फरवरी डिविनिटी बैंक्वेट, लेकटाउन में होने जा रहा है।

## सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स ने बजट से पहले सोने-चांदी उद्योग के लिए राहत की मांग उठाई

**कोलकाता, समाज्ञा :** सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स के एमडी एवं सीईओ सुवंकर सेन ने आगामी केंद्रीय बजट को लेकर सरकार से जेम्स एवं ज्वेलरी उद्योग के हित में ठोस कदम उठाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि सोने और चांदी की ऊंची कीमतों के मौजूदा दौर में सरकार को कस्टम ड्यूटी में कमी पर विचार करना चाहिए, ताकि बाजार में मांग को संतुलन मिल सके। सेन ने बताया कि कीमतों में तेज बढ़ोतरी के कारण बिक्री पर असर पड़ा है, जिससे पारंपरिक कारीगरों के बीच छिपी बेरोजगारी बढ़ रही है। उन्होंने सुझाव दिया कि आभूषण खरीद को बढ़ावा देने के लिए सरल ईएमआई योजनाओं को प्रोत्साहित किया जाए, जिससे



उपभोक्ताओं को राहत मिले और उद्योग को सहारा मिले। उन्होंने यह भी कहा कि भारत के जेम्स एवं ज्वेलरी निर्यात को मजबूती देने के लिए वित्तीय प्रोत्साहन आवश्यक है, ताकि नए वैश्विक बाजारों में विस्तार किया जा सके।

## अखिल भारतीय क्षत्रिय समाज, कोन्नगर-मखला अंचल का वार्षिकोत्सव संपन्न

**कोलकाता, समाज्ञा :** अखिल भारतीय क्षत्रिय समाज के कोन्नगर-मखला अंचल की तरफ से गणतंत्र दिवस के साथ ही वार्षिकोत्सव मनाया गया। हुगली जिले के हिंदमोटर कॉलोनी क्लब मैदान में आयोजित समारोह की शुरुआत राष्ट्रीय ध्वज फहराकर की गई। इस अवसर पर केंद्रीय कमेटी के साथ ही विभिन्न अंचलों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। कोन्नगर-मखाला अंचल के पदाधिकारियों में मुख्य संरक्षक चंद्रिका बक्श सिंह, संरक्षक अशोक कुमार सिंह (अधिवक्ता), बिंदेश्वर प्रसाद सिंह, उदयभान सिंह, रंगबहादुर सिंह, श्रीप्रकाश सिंह, अजय सिंह, जितेंद्र सिंह, संजय सिंह ओंकार सिंह, अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह (अधिवक्ता), उपाध्यक्ष कमलेश सिंह, रमेश सिंह, उमाशंकर सिंह, राधेश्याम सिंह, सचिव संजय कुमार सिंह, उप सचिव शैलेंद्र कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष दामोदर सिंह, संगठन सचिव विनय कुमार सिंह, अंचल सचिव अशोक कुमार सिंह, प्रदीप कुमार सिंह, धर्मेंद्र कुमार सिंह, अजय सिंह, अरुण सिंह, संजय सिंह एवं कार्यकरिणी सदस्य आनंद मोहन सिंह, मनोज कुमार सिंह सहित अन्य सदस्यगण शामिल थे। समाज की केंद्रीय कमेटी से मुख्य संरक्षक जयप्रकाश सिंह, महासचिव शंकर बक्श सिंह, अध्यक्ष शेखर सिंह एवं राकेश सिंह, आरपी सिंह, प्रभुनाथ सिंह, शिव शंकर



सिंह तथा सारनाथ सिंह, लक्ष्मी नारायण सिंह, ओम प्रकाश सिंह, सुनील सिंह, हेमंत सिंह, रमाशंकर सिंह, राम सकल सिंह, देवेंद्र सिंह, शंकर सिंह, धनंजय सिंह, शिवशंकर सिंह, धीरज सिंह, सत्येंतद्र सिंह, संतोष सिंह, सुधीर सिंह, गौतम सिंह राय, युवा सदस्य गुड्डन सिंह, हुगली से गोराचंद्र सिंहराय, कौशिक सिंहराय, कांचरापाड़ा से अक्षयवर सिंह, विभा सिंह इत्यादि शामिल थे। मौके पर बिरादरी भोज भी किया गया। समारोह में उपस्थित अखिल भारतीय क्षत्रिय समाज के मुख्य संरक्षक जयप्रकाश सिंह ने संस्था के सामाजिक कार्यों पर प्रकाश डाला। अंचल के मुख्य संरक्षक चंद्रिका बक्श सिंह ने संगठन के इतिहास पर प्रकाश डाला। इस दौरान स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए।

## पूर्व कलकत्ता नागरिक परिषद ने गणतंत्र दिवस पर प्रभात फेरी निकाली



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व कलकत्ता नागरिक परिषद द्वारा 77वें गणतंत्र दिवस पर लेकटाउन अंचल में एक भव्य प्रभात फेरी निकाली गई। स्कूली बच्चे वीर वीरांगनाओं के चित्र हाथ में लेकर चल रहे थे। वाद्य यंत्रों से सुसज्जित मण्डली प्रभात फेरी में देशभक्ति गीतों का गायन कर रही थी। प्रभात फेरी में 300 से ज्यादा लोग शामिल थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रिटायर्ड कर्नल डॉ. शान्तनु राय और विशिष्ट अतिथि बिरम प्रकाश सुल्तानिया (मुन्ना बाबू) थे। इस विशेष अवसर पर सम्मानित अतिथि के रूप में किशन गोयल, डॉ. आंकाक्षा गोयल, डॉ. विश्वपति मुखर्जी उपस्थित थे। बिरम प्रकाश सुल्तानिया ने डॉक्टरों के परीक्षण एण्ड काउन्सलिंग चेम्बर का उद्घाटन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में राजकुमार जैन, राकेश सुराणा, मोहनराज कोठारी, अशोक बैद, ओम बोरड़, रायचंद सुराना की प्रमुख भूमिका रही। परिषद के पदाधिकारी और अतिथियों की उपस्थिति मे राष्ट्रध्वज फहराया गया। बच्चों को उपहार देकर प्रोत्साहित किया गया। यह जानकारी परिषद की अध्यक्षा एवं कार्यक्रम की संचालिका शशि अग्रवाल ने दी।

## 'बांग्लार बाड़ी' योजना के तहत अलिपुर से सागर तक जागरूकता और जनभागीदारी का संदेश





**कोलकाता/सागर :** पश्चिम बंगाल सरकार की महत्वाकांक्षी 'बांग्लार बाड़ी (ग्रामीण)' आवास योजना के तहत जिले में व्यापक जनभागीदारी और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। अलिपुर जिला शासक कार्यालय के सामने 'बांग्लार बाड़ी' टैब्लो का औपचारिक शुभारंभ जिला शासक अरविन्द कुमार मीना ने किया। इस अवसर पर योजना से जुड़ी पीड़ित/लाभार्थी परिवारों को 20 लाख रुपये की आर्थिक सहायता सौंपी गई। कार्यक्रम में जिला परिषद की अध्यक्ष नीलिमा विशाल मिस्त्री, जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

इसी क्रम में, योजना के आईईसी कार्यक्रम के तहत सागर ब्लॉक में समुदाय की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विशेष पहल की गई। बोर्ड परीक्षार्थियों को छोड़कर स्थानीय शिक्षक और छात्र-छात्राओं ने स्लोगन प्रदर्शनी और जागरूकता रैली में हिस्सा लिया। इस रैली के माध्यम से उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को पक्के मकान देने के लिए पश्चिम बंगाल सरकार और माननीय मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया।

इसके अलावा सागर ब्लॉक प्रशासन की पहल पर 'बांग्लार बाड़ी वॉल' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें उन लाभार्थियों ने अपनी राय और कृतज्ञता व्यक्त की, जिन्हें स्वीकृति पत्र मिला है या जो पहले ही आर्थिक सहायता से लाभान्वित हो चुके हैं। कार्यक्रम के जरिए पक्के घर के सपने के साकार होने पर लाभार्थियों ने राज्य सरकार और मुख्यमंत्री के प्रति धन्यवाद ज्ञापन किया।

## सड़क हादसे में पिता समेत दो बच्चों की मौत

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा जिले के उलुबेड़िया चेकपोस्ट के नजदीक बुधवार दोपहर हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की जान चली गई, जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हैं। दुर्घटना 16 नंबर राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुई, जब तेज रफ्तार लॉरी ने पीछे से बाइक को टक्कर मार दी। मृतकों की पहचान शेख सिराज (32), उनके बेटे शेख रियाज (6) और बेटी रिया खातून (4) के रूप में हुई है। गंभीर रूप से घायल सबिना बेगम (29) उर्फ ज्योत्स्ना, जो बच्चों की मां हैं, को कोलकाता के एसएसकेएम अस्पताल में लाइफ सपोर्ट पर रखा गया है। जानकारी के अनुसार, परिवार मूल रूप से बागनान के हातुरिया का रहने वाला है। शेख सिराज कार्य के सिलसिले में सांकराइल के धूलागढ़ में किराए के घर में रहते थे और एक निजी कंपनी में केमिकल एनालिस्ट के पद पर कार्यरत थे।

## एम.सी. केजरीवाल विद्यापीठ ने गणतंत्र दिवस समारोह पर राष्ट्र को किया भावपूर्ण नमन



**हावड़ा, समाज्ञा :** एम.सी.केजरीवाल विद्यापीठ ने विद्यालय परिसर में 77वां गणतंत्र दिवस मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मेजर जनरल शिवनाथ मुखर्जी, ए.आई. (सेवानिवृत्त), लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा विश्वविद्यालय, ग्वालियर के पूर्व कुलपति की गरिमामय उपस्थिति में हुआ। विद्यालय के चेयरमैन किशन कुमार केजरीवाल के संबोधन ने स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष और निस्वार्थ बलिदानों की गहराई से याद दिलाई और संविधान के मुख्य आधारों का पालन करने की प्रेरणा दी। 11वीं कक्षा के छात्र विद्यालय के उप कप्तान नैतिक जैन ने गणतंत्र दिवस पर एक प्रेरणादाई भाषण दिया। तत्पश्चात, दो चरणों में संपन्न पुरस्कार वितरण समारोह हुआ। समापन नौवीं कक्षा के सहायक स्काउट लीडर आयुष्मान जायसवाल द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## जीएसटी उपायुक्त पद से इस्तीफा देने वाले प्रशांत सिंह के दिव्यांगता प्रमाण पत्र की हो रही जांच

**मऊ (उप्र) :** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में अयोध्या के माल एवं सेवा कर (जीएसटी) उपायुक्त पद से इस्तीफा देने वाले प्रशांत सिंह के दिव्यांगता प्रमाण पत्र को लेकर उठे विवाद पर मऊ के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉक्टर संजय गुप्ता ने कहा है कि मामले की जांच की जा रही है। सिंह के इस्तीफे के बाद उनके सगे भाई विश्वजीत सिंह ने मीडिया के सामने आकर उनपर फर्जी दिव्यांगता प्रमाण पत्र के जरिए नौकरी पाने का आरोप लगाया था। डॉक्टर गुप्ता ने स्पष्ट किया कि इस प्रकरण की जांच स्वास्थ्य विभाग, दिव्यांगजन आयोग और उच्च प्रशासनिक स्तर पर की जा रही है। उन्होंने बताया कि उक्त प्रमाण पत्र 2009 में जारी किया गया था जिसकी जांच के लिए 2021 में शिकायत की गई थी और तब से इसकी जांच चल रही है।

# कब्जा मुक्त कराएं जमीन, बख्शे न जाएं भू माफिया: मुख्यमंत्री योगी

**गोरखपुर(उप्र) :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को अधिकारियों को स्पष्ट रूप से कहा कि किसी व्यक्ति की जमीन पर यदि किसी दबंग या भूमाफिया ने कब्जा किया है तो तत्काल जमीन को कब्जा मुक्त कराया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा है कि दूसरे की जमीन कब्जा करने वाले दबंगों, कमजोरों को उजाड़ने वालों तथा भूमाफिया को कतई न बख्शा जाए। उन्होंने कहा कि उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए और सबक सिखाया जाए। मुख्यमंत्री ने दोहराया कि सरकार किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने देने और हर व्यक्ति के जीवन में खुशहाली लाने को संकल्पित है। इस संबंध में जारी एक बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री योगी बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों की



समस्याएं सुन रहे थे। इस दौरान करीब 150 लोगों से मुलाकात कर उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि उनके रहते किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित व संतुष्टि परक निस्तारण का निर्देश देने के साथ मुख्यमंत्री ने लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। जनता दर्शन में दबंगों द्वारा जमीन कब्जा किए जाने की एक शिकायत पर मुख्यमंत्री ने वहां मौजूद प्रशासन व पुलिस के अफसरों को निर्देशित किया कि जमीन कब्जे की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई की जाए। जनता दर्शन में कुछ महिलाओं ने ससुराल पक्ष से विवाद तथा परिवार से जुड़ी शिकायतें भी मुख्यमंत्री के समक्ष रखीं। योगी ने इन शिकायतों पर अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि दोनों पक्षों के साथ संवाद कर समस्या का समाधान कराया जाए और ऐसा न होने पर विधि सम्मत कार्रवाई की जाए। राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को उन्होंने पूरी पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी।

# यूजीसी के नए नियमों के खिलाफ उत्तर प्रदेश में विरोध प्रदर्शन

**देवरिया/कौशांबी/रायबरेली :** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नए नियमों के खिलाफ उत्तर प्रदेश में बुधवार को विरोध तेज हो गया। जहां देवरिया और कौशांबी में बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन हुआ, वहीं रायबरेली में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक पदाधिकारी ने अपने पद से त्यागपत्र दे दिया। अधिकारियों ने कहा कि देवरिया में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (उच्च शिक्षा संस्थानों में समता के संवर्द्धन हेतु) विनियम, 2026 के विरोध में बुधवार को बड़ी संख्या में लोग सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए कचहरी के पास रोड पर एकत्रित हुए और धरना दिया। सुभाष चौक से निकले लोगों ने जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने कलेक्ट्रेट




परिसर से बाहर निकल कर कचहरी के सामने सड़क जाम कर दी जिससे करीब एक घंटे तक यातायात बाधित रहा। इसके बाद जिलाधिकारी दिव्या मित्तल मौके पर पहुंची और ज्ञापन लेकर जाम को खुलवाया। इस दौरान कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रीतम मिश्रा ने कहा कि यह नियम लागू होने से सवर्ण समाज के लोगों पर अत्याचार होगा और बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो जाएगा। कुछ वकीलों का कहना है कि सरकार यूजीसी 2026 का नया नियम लागू कर समाज में अराजकता की स्थिति बनाना चाहती है और इससे समाज में अलगाववाद बढ़ेगा।

## 'भारी मन' के साथ माघ मेला से विदा हुए स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती

**प्रयागराज/लखनऊ :** माघ मेले में मौनी अमावस्या पर प्रशासन द्वारा कथित तौर पर स्नान करने से रोकने के बाद शंकराचार्य शिविर के बाहर धरने पर बैठे स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती बुधवार को भारी मन से मेले से विदा हो गए। इसके बाद समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तीखा हमला बोलते हुए सत्तारूढ़ दल पर सदियों पुरानी सनातन परंपराओं को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया। माघ मेले से प्रस्थान से पूर्व सरस्वती ने कहा, आज शब्द साथ नहीं दे रहे हैं और स्वर बोझिल हैं। प्रयाग की इस पवित्र धरती पर हम आध्यात्मिक शांति की कामना लेकर आते हैं, लेकिन आज यहां से एक ऐसी रिक्तता और भारी मन लेकर लौटना पड़ रहा है जिसकी कल्पना हमने कभी नहीं की थी। उन्होंने कहा, प्रयाग में जो कुछ भी घटित हुआ, उसने ना केवल हमारी आत्मा को झकझोरा है, बल्कि न्याय और मानवता के प्रति हमारे सामूहिक विश्वास पर भी प्रश्नचिह्न लगा दिया है। संगम की इन लहरों में स्नान करना, अंतरात्मा की संतृप्ति का मार्ग है, लेकिन आज मन इतना व्यथित है कि हम बिना स्नान किए यहां से विदा ले रहे हैं। शंकराचार्य के स्नान किए बिना माघ मेले से चले जाने को उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री यादव ने 'अत्यंत अनिष्टकारी घटना' बताया।

## पंजाब : गैंगस्टर गोल्डी बराड़ के चचेरे भाई की हत्या के आरोपी की गोली मारकर हत्या

**चंडीगढ़ :** पंजाब के मोहाली में बुधवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) कार्यालय के पास अज्ञात हमलावरों ने गुरलाल बराड़ हत्याकांड के एक आरोपी की गोली मारकर हत्या कर दी। गुरलाल गैंगस्टर गोल्डी बराड़ का चचेरा भाई था। पुलिस ने यह जानकारी दी। पटियाला रेंज के पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) नानक सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान गुरविंदर के रूप में हुई है, जो अफीम बरामदगी से जुड़े एक मामले में अदालत में पेशी के लिए आया था। हमलावरों ने उस पर कई गोलियां चलाईं, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इसी बीच, सोशल मीडिया पर एक अपुष्ट पोस्ट में गैंगस्टर गोल्डी बराड़, रोहित गोदारा और विक्की पहलवान ने गुरविंदर की हत्या की जिम्मेदारी लेते हुए गुरलाल सिंह बराड़ की हत्या में उसकी कथित संलिप्तता का हवाला दिया।

## मायावती ने यूजीसी के समता संवर्द्धन संबंधी नए नियमों का किया समर्थन, कहा- 'विरोध उचित नहीं'



**लखनऊ :** बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (उच्च शिक्षा संस्थानों में समता के संवर्द्धन हेतु) विनियम, 2026 का बचाव करते हुए बुधवार को कहा कि सामान्य वर्ग के कुछ लोगों द्वारा इस कदम का विरोध ''बिल्कुल भी उचित नहीं है''। हालांकि, उन्होंने आगाह किया कि सामाजिक तनाव से बचने के लिए इन नियमों को व्यापक विचार-विमर्श के बाद लागू किया जाना चाहिए था। मायावती ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, ''देश के उच्च शिक्षण संस्थानों में जातिवादी भेदभाव के निराकरण के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा सरकारी कॉलेज और निजी विश्वविद्यालयों में समता समिति बनाने के नए नियम के कुछ प्रावधानों का केवल जातिवादी मानसिकता वाले सामान्य वर्ग के लोग ही विरोध कर रहे हैं, इसे भेदभाव और षड्यंत्र मानना कतई उचित नहीं है।

# नीतीश कुमार ने 90 परियोजनाओं का किया शिलान्यास एवं उद्घाटन

**पटना :** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को समृद्धि यात्रा के क्रम में दरभंगा जिले में विकासात्मक योजनाओं की समीक्षा की और 138 करोड़ रुपए की लागत वाली कुल 90 परियोजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने स्थानीय नागेंद्र झा स्टेडियम परिसर से 138 करोड़ रुपए की लागत वाली कुल 90 योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया। इनमें 105 करोड़ रुपए की लागत से 50 योजनाओं का शिलान्यास तथा 33 करोड़ रुपए की लागत से 40 योजनाओं का उद्घाटन शामिल है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 23,384 जीविका स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी 93,536 जीविका दीदियों को 311 करोड़ रुपए का सांकेतिक चेक प्रदान किया। इसके अलावा मुख्यमंत्री नारी शक्ति योजना, मुख्यमंत्री अंतरजातीय विवाह प्रोत्साहन अनुदान, मुख्यमंत्री निः



शक्तजन विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना के सांकेतिक चेक तथा बैटरी चालित ट्राइसाइकिल की चाबी लाभुकों को सौंपी गई। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) की ओर से जारी बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री ने प्रगति यात्रा के दौरान घोषित विकासात्मक योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति की जानकारी अधिकारियों से ली। अधिकारियों ने बताया कि योजनाओं का कार्य तेज गति से आगे बढ़ रहा है। इसके तहत दरभंगा शहर के दोनार चौक के पास रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) का निर्माण, शोभन डैम-मकिया पथ का निर्माण, शोभन बाइपास से प्रस्तावित एम्स तक फोरलेन पहुंच पथ का निर्माण, शोभन-एकमी पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण, दरभंगा-कुशेश्वरस्थान पथ से धबौलिया (कुशेश्वरस्थान फूलतोड़ा घाट पथ) तक बाइपास का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इसके अतिरिक्त मिथिला शोध संस्थान के आधुनिकीकरण एवं संरक्षण का कार्य, दरभंगा रेलवे स्टेशन से आमस-दरभंगा एक्सप्रेसवे वाया दोनार चौक, कर्पूरी चौक तथा कर्पूरी चौक से एकमी चौक वाया लहेरियासराय चौक और लोहिया चौक तक सड़क उन्नयन एवं एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण, बाबा कुशेश्वरस्थान का सौंदर्यीकरण एवं विकास, अहिल्यास्थान का विकास तथा इसके लिए भूमि अधिग्रहण का कार्य जारी है। साथ ही गंगा सागर, हराही एवं दिग्धी तालाब के सौंदर्यीकरण और एकीकृत विकास कार्य भी प्रारंभ हो चुके हैं।

# चंडीगढ़ के 26 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी वाले ईमेल मिले

### कोई विस्फोटक सामाग्री नहीं मिली

**चंडीगढ़ :** चंडीगढ़ के 26 स्कूलों को बुधवार को बम से उड़ाने की धमकी वाले ई-मेल मिले, जिसके बाद छात्रों और कर्मचारियों को एहतियातन बाहर निकाला गया और पुलिस ने गहन जांच की। पुलिस ने बताया कि सभी स्थानों की गहन तलाशी के बाद कहीं भी कोई संदिग्ध या विस्फोटक सामग्री नहीं मिली। पुलिस के अनुसार, मामले की जांच की जा रही है और कानून के अनुसार उचित कार्रवाई की जा रही है। चंडीगढ़ की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कंवरदीप कौर ने संवाददाताओं से कहा कि 26 स्कूलों को बम धमकी वाले ई-मेल मिलने की सूचना प्राप्त हुई थी। इसके बाद नियंत्रण कक्ष 112 को सतर्क किया गया और स्थानीय पुलिस, दमकल वाहन, एंबुलेंस तथा बम निरोधक दस्तों को संबंधित स्कूलों में भेजा गया। उन्होंने बताया कि ये धमकी



भरे ई-मेल एक ही 'जीमेल अकाउंट' से स्कूलों को भेजे गए थे, जिनकी जांच चंडीगढ़ पुलिस की साइबर टीम कर रही है। इस संबंध में सेक्टर-17 थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि जिन स्कूलों को धमकी नहीं मिली, वे खुले रहे। धमकी वाले ई-मेल सेक्टर-25, 19, 45, 16 सहित विभिन्न इलाकों के सरकारी और निजी स्कूलों को भेजे गए थे। एहतियातन छात्रों और कर्मचारियों को बाहर निकाला गया, सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई और स्कूल जा रहे छात्रों को वापस घर भेज दिया गया।

समाज्ञा हेल्थ

# डाइजेशन समस्या - नो प्रॉब्लम

नीतू गुप्ता

आज के युग में हमारे खान पान ने हमें ऐसा जकड़ लिया है कि कोई भी जंक फूड किसी भी समय हम बिना सोचे समझे खा लेते हैं जिसका परिणाम यह होता है कि पाचन क्रिया में गड़बड़ी होने लगती है। हमारी जीवनशैली इस समस्या का बड़ा कारण है पर फिर भी हम जल्दी स्वीकार नहीं करते कि हम गलत समय पर गलत खान पान को अपनाते हैं। अगर आप भी इस समस्या से परेशान हैं तो ध्यान दें कुछ बातों पर:-

### थोड़ा-थोड़ा खाएं, अधिक बार खाएं

तीन मुख्य आहार के स्थान पर थोड़ा-थोड़ा कर खाएं और दिन में पांच बार खाएं पर दिन भर में जितनी मात्रा आपको खानी हो, उतनी ही खाएं। अधिक न खाएं। थोड़े अंतराल में खाने से आपको खाने के प्रति भी कम होगी और शरीर में ब्लड शुगर भी ठीक रहेगा।

### तले हुए और मसालेदार भोजन से परहेज रखें:-

तला हुआ खाद्य पचाने में मुश्किल होती है। तेज मसाले एसिडिटी बनाते हैं। मसालेदार भोजन लगातार



खाने से पेट में दर्द रहता है, विशेषकर उन लोगों का जिनका पाचन कमजोर होता है। खाना सादा और ताजा ही खाएं। भाप द्वारा बना भोजन या कम तेल में पका भोजन स्वास्थ्य हेतु हितकर होता है। सप्ताह में दो बार कम से कम रात्रि में नमकीन सब्जियों वाला दलिया या सब्जियों वाली खिचड़ी खाएं ताकि पेट को आराम मिल सके। दिन में भी कम मसाले वाला भोजन खाएं। रात्रि में सप्ताह में एक दिन सब्जियों के सूप के साथ ब्राउन ब्रैड ले सकते हैं।

### चाय, कॉफी, मादक पेयों से परहेज रखें

अधिक चाय कॉफी के सेवन से छाती में जलन होती है और पेट में इरीटेशन होने लगती है और खाया हुआ खाना पचने में मुश्किल आती है। शराब का सेवन भी छाती में जलन और पेट में गड़बड़ी मचाता है। चाय-काफी का सेवन सीमित मात्रा में करें और शराब का सेवन भी कम से कम करें। दिखावे हेतु उनका सेवन आपके शरीर को नुकसान ही पहुंचाता है।

### रात्रि में सोने से तीन घंटे पूर्व भोजन खाएं

रात्रि का भोजन शाम 7 बजे के बीच अवश्य कर लें जिससे रात्रि में आप आराम से सो सकें। सोने से कम से कम दो तीन घंटे पूर्व किया भोजन आसानी से पच जाता है जिससे नींद आने में कोई परेशानी नहीं होती। रात्रि में भोजन सुपाच्य और सीमित मात्रा में करें। रात्रि को गरिष्ठ भोजन का सेवन न करें। कभी मजबूरी वश किसी पार्टी में जमा हो तो घर से हल्का फुल्का कुछ खाकर जाएं ताकि वहां आप सीमित में खा सकें।

### व्यायाम नियमित करें

नियमित व्यायाम पाचन तंत्रों को दुरूस्त रखता है, इसलिए अपनी दिनचर्या में व्यायाम के लिए समय अवश्य निकालें। व्यायाम शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है और हमें एक्टिव रखता है। यह हमारे खाए हुए खाद्य पदार्थों को सही पचाने में मदद भी करता है। रात्रि में खाने के बाद हल्का फुल्का घर पर टहल लेना अच्छा होता है। (स्वा. द.)

# डॉक्टरों का डॉक्टर - सेब

आकाश अग्रवाल

परीक्षा का तनाव हो या मासिक धर्म की परेशानी, पेट की गड़बड़ी हो या दिमागी दुर्बलता, कैसा भी रोग हो, सेब तुरंत राहत का अचूक उपाय है। वास्तव में सेब प्रकृति प्रदत्त एक ऐसा अनोखा फल है जिसके नियमित सेवन से बीमारियों से सहज ही बचा जा सकता है।

मालूम हो कि सेब में लौह एवं फास्फोरस अन्य फलों की अपेक्षा ज्यादा पाए जाते हैं इसलिए ये अत्यंत पोषक एवं शक्तिवर्धक भी है। आयरन जहां रक्त के निर्माण में अहम् भूमिका निभाता है, वही फास्फोरस पेट की भरपूर सफाई कर कब्ज जैसे अन्य उदर रोगों से निजात दिलाता है।

यही नहीं, फ्रेंच नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर हेल्थ एण्ड मेडिकल रिसर्च के विज्ञानियों का कहना है कि सेब में प्रोकासियानिडिंस नामक एक ऐसा रसायन होता है जो कैंसर से बचाता है। लेबोरेटरी में पशुओं पर किए गए अध्ययन में विज्ञानियों ने पाया कि यह रसायन कैंसर के खतरे को कई गुना कम कर देता है।

विज्ञानियों का कहना है कि इस रोग से बचाव हेतु नियमित छिलके सहित सेब का सेवन अनिवार्य है। अध्ययनकर्ता डॉ. फ्रांसिस राउल का कहना है कि दरअसल यह रसायन एक प्रकार का एंटी ऑक्सीडेंट का कार्य करता है, जो कैंसरकारक कोशिकाओं की अनियंत्रित वृद्धि को रोकता है।



शोधों से सेब के अनेकों फायदे सामने आए हैं, जो इस प्रकार हैं -

- हेलसिंकी नेशनल पब्लिक हेल्थ इंस्टीट्यूट के पॉल नेक्ट के अनुसार सेब में फेनोलिक एसिड पाया जाता है। जो पुरुष एवं महिलाएं नियमित सेब खाते हैं, उनको रोज एक सेब न खाने वालों की अपेक्षा दिल का दौरा पड़ने की संभावना कम रहती है।
- मेडिकल जांचों से साबित हुआ है कि प्रतिदिन एक कप सेब के रस का सेवन न केवल नींद की बीमारी को दूर करता है बल्कि दिन की शुरूआत को स्वस्थ एवं प्रभावशाली भी बनाता है।
- सेब में अल्प मात्रा में 'पेक्टिन'नामक एक घुलनशील रेशेदार तत्व भी पाया जाता है। यह रक्त में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा को नियंत्रित रखता है।
- सेब का रस हृदय को शक्ति प्रदान करता है। नेत्रा-ज्योति को बढ़ाता है। यह शरीर के विजातीय तत्वों को बाहर निकालने में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है।
- यदि आपको माइग्रेन (आधा सीसी) है तो 21 दिन तक सेब को स्वादानुसार नमक के साथ खाने से लाभ होता है।
- सेब का सेवन सदैव भोजन से पहले ही करना चाहिए। इससे कब्ज का खात्मा होता है। दिमाग को तरावट भी मिलती है। भोजन के बाद सेब का सेवन कब्जकारक बताया गया है।
- सेब में मौजूद इतने सारे रोग- निवारक गुणों के कारण ही इसे डॉक्टरों का डॉक्टर कहना अतिशयोक्ति न होगी। वास्तव में इसके नियमित सेवन से आप लम्बे समय तक स्वयं को स्वस्थ रख सकते हैं। (स्वा. द.)

# बंद कमरे में अंगीठी या हीटर का प्रयोग - ना बाबा ना

डॉक्टर रुप कुमार बनर्जीसर्दी का मौसम आते ही ठिठुरन से बचने के लिए लोग तरह-तरह के उपाय अपनाने लगते हैं। खासकर ग्रामीण, कस्बाई और निम्न-आय वर्ग के क्षेत्रों में आज भी अंगीठी, कोयला, लकड़ी या गैस हीटर का उपयोग आम है। वहीं शहरी इलाकों में इलेक्ट्रिक हीटर का चलन बढ़ गया है परंतु यह सर्दी से राहत देने वाला साधन कब जानलेवा बन जाए, इसका अंदाज़ा अधिकतर लोगों को नहीं होता। हर वर्ष इस भयानक ठंड के मौसम में देश के विभिन्न हिस्सों से ऐसी दु:खद खबरें सामने आती हैं जिनमें बंद कमरे में अंगीठी या हीटर जलाकर सोने से पूरे परिवार की मौत तक हो जाती है। यह घटनाएँ केवल लापरवाही नहीं, बल्कि गंभीर स्वास्थ्य और अज्ञानता का परिणाम हैं। अंगीठी, कोयला, लकड़ी और गैस के अधूरे दहन से कार्बन मोनोऑक्साइड नामक अत्यंत विषैली गैस निकलती है। यह गैस ना तो दिखाई देती है,न इसकी कोई गंध होती है और न ही इसका स्वाद महसूस होता है। इसी कारण इसे खामोश हत्यारा भी कहा जाता है। बंद कमरे में यह गैस धीरे-धीरे जमा होती रहती है। सोते हुए व्यक्ति को इसका आभास तक नहीं होता। यह गैस शरीर में जाकर रक्त में मौजूद ऑक्सीजन की जगह ले लेती है, जिससे मस्तिष्क तक ऑक्सीजन की आपूर्ति रुक जाती है, हृदय व फेफड़ों पर गंभीर असर पड़ता है और व्यक्ति गहरी बेहोशी में चला जाता है। कई मामलों में मृत्यु भी हो जाती है।सबसे खतरनाक बात तो यह है कि व्यक्ति को बचाव का मौका भी नहीं मिल पाता।



कार्बन मोनोऑक्साइड के प्रभाव से निम्नलिखित लक्षण दिखाई दे सकते हैं- तेज सिरदर्द ,चक्कर आना , मतली या उल्टी , घबराहट ,अत्यधिक नींद आना , सांस लेने में कठिनाई , सीने में जकड़न । दुर्भाग्यवश,ये लक्षण अधिकतर सोते समय या रात में होते हैं, जब व्यक्ति उन्हें पहचान ही नहीं पाता। सुबह तक स्थिति जानलेवा हो जाती है। ये लोग सबसे अधिक खतरे में होते हैं। कुछ वर्ग इस खतरे के प्रति अत्यधिक संवेदनशील होते हैं जैसे - नवजात और छोटे बच्चे ,बुज़ुर्ग , हृदय व फेफड़ों के रोगी , उच्च रक्तचाप से ग्रस्त रोगी , दमा या टीबी से पीड़ित व्यक्ति , गर्भवती महिलाएं । इनके लिए थोड़ी-सी भी लापरवाही गंभीर परिणाम ला सकती है।

केवल अंगीठी ही नहीं, हीटर का गलत उपयोग भी खतरनाक है जैसे - शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका , कंबल या कपड़ों के सुलगने का खतरा , बच्चों के झुलसने की संभावना आदि । वही गैस हीटर से गैस रिसाव , दम घुटना , विस्फोट या आग लगने की घटनाएं बढ़ सकती हैं। इन दुर्घटनाओं में हर साल सैकड़ों लोग घायल या मृत होते हैं। इसलिए हमारा मानना है कि - बंद कमरे में अंगीठी जलाकर कभी न सोएं , कोयला या लकड़ी जलाकर दरवाज़े-खिड़कियाँ बंद न करें , हीटर का प्रयोग करते समय कमरे में उचित वेंटिलेशन रखें। हीटर और ब्लोअर के सामने एक बर्तन में पानी भर कर रख दें , खिड़की या रोशनदान थोड़ा खुला अवश्य रखें , सोने से पहले हीटर बंद कर दें , बच्चों को हीटर या अंगीठी से दूर रखें , सिरदर्द, चक्कर या घबराहट महसूस होते ही तुरंत खुले स्थान में जाएं , आवश्यकता पड़ने पर तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें।

ठंड से बचने के लिए ऐसे उपाय अपनाएं जो सुरक्षित भी हों और लाभकारी भी जैसे - गर्म कपड़े, टोपी, दस्ताने और मोज़े पहने , मोटे और सूखे कंबल प्रयोग करें , गुनगुना दूध या हल्दी वाला दूध , गरम-गरम सूप, दिन में एक बार काढ़ा और गरम पानी , अगर धूप निकले तो सुबह की धूप का सेवन , हल्का फुल्का व्यायाम और शरीर को सक्रिय रखना। ये उपाय न केवल ठंड से बचाते हैं, बल्कि रोग-प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ाते हैं। ठंड से बचाव आवश्यक है लेकिन गलत तरीका जीवन के लिए घातक हो सकता है। थोड़ी-सी समझदारी, सही जानकारी और सतर्कता से अनेक अनमोल जिंदगियों को बचाया जा सकता है। यह समय है कि हम स्वयं जागरूक बनें और अपने परिवार, पड़ोस और समाज को भी इस खामोश खतरे के प्रति सचेत करें क्योंकि सावधानी ही सच्ची सुरक्षा है।

## जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा के पास सुरक्षा बलों ने हथियार, गोला-बारूद बरामद किए

**श्रीनगर:** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा के पास एक वन क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने बुधवार को आतंकवादियों द्वारा छिपाए गए हथियार और गोला-बारूद बरामद किए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियो ने बताया कि कर्नाह तहसील के रति तारी वन क्षेत्र में तलाशी अभियान के दौरान चार पिस्तौल, सात मैगजीन, तीन एके मैगजीन और एके-47 के कारतूस बरामद किये गए।

## अरुंधति रॉय को मिला 'मातृभूमि बुक ऑफ दी ईयर अवॉर्ड 2026' सम्मान

**तिरुवनंतपुरम:** केरल के प्रमुख मीडिया समूह मातृभूमि ने बुधवार को चर्चित लेखिका अरुंधति रॉय को उनकी कृति 'मदर मैरी कम्स टू मी' के लिए मातृभूमि बुक ऑफ द ईयर 2026 पुरस्कार से सम्मानित किया। रॉय को पुरस्कार स्वरूप दो लाख रुपये नकद और एक स्मृति चिह्न प्रदान किया गया। यहां जारी एक बयान के अनुसार, मातृभूमि बुक ऑफ द ईयर पुरस्कार उस उत्कृष्ट कृति को दिया जाता है जिसने पाठकों पर एक अमिट छाप छोड़ी है और समकालीन साहित्य में सार्थक योगदान दिया है। यह पुरस्कार भारत में प्रकाशित अंग्रेजी भाषा की किसी पुस्तक को दिया जाता है, चाहे वह मूल रूप से अंग्रेजी में लिखी गई हो या किसी क्षेत्रीय भारतीय भाषा से अंग्रेजी में अनूदित हो।

## जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में भूस्खलन, दर्जनों पालतू जानवर मलबे में दबे

**जम्मू:** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में बुधवार को हुए भूस्खलन में भेड़ और बकरियों सहित दर्जनों पशुओं की जान चली गयी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि हस्ती पुल के पास भूस्खलन तब हुआ जब चरवाहों का एक समूह अपने पशुओं के साथ उस क्षेत्र को पार कर रहा था। उन्होंने बताया कि कई जानवर मलबे के नीचे दब गए, लेकिन साथ आए चरवाहे बाल-बाल बच गए। अधिकारियों ने बताया कि घटना में मारे गए पशुओं की सही संख्या बचाव अभियान पूरा होने के बाद पता चलेगी। पिछले दो दिनों में जम्मू-कश्मीर के अधिकांश हिस्सों में ऊंचाई वाले इलाकों में ताजा हिमपात और मैदानी इलाकों में बारिश हुई है।

## एनआईए ने पीएफआई की गतिविधियों की जांच के लिए केरल में चलाया तलाशी अभियान

**नयी दिल्ली:** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने बुधवार को केरल में तलाशी अभियान के दौरान कई आपत्तिजनक सामग्रियां जब्त कीं। प्रतिबंधित गैरकानूनी संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) की जिहादी आपराधिक साजिश और कृत्यों की जांच के लिए यह तलाशी अभियान चलाया गया था। एनआईए की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक, राज्य भर में कुल नौ स्थानों पर तलाशी ली गई, जिसके परिणामस्वरूप पीएफआई और उसके सहयोगी/संबद्ध संगठनों से जुड़ी अन्य आपत्तिजनक सामग्रियों के अलावा कई डिजिटल उपकरण और दस्तावेज जब्त किए गए। जांच एजेंसी ने बताया कि सितंबर 2022 में एनआईए द्वारा दर्ज किया गया यह मामला पीएफआई द्वारा भारत में हिंसक जिहाद के विचार को फैलाने के लिए रची गई आपराधिक साजिश और कृत्यों से संबंधित है। एनआईए की जांच के अनुसार, पीएफआई नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भोले-भाले युवाओं को कट्टरपंथी बनाकर लोगों के बीच सांप्रदायिक विभाजन पैदा करने की साजिश रची थी।

## यासीन मलिक के लिए मृत्युदंड की मांग संबंधी एनआईए की याचिका पर 22 अप्रैल को होगी सुनवाई

**नयी दिल्ली:** दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को आतंकवाद के वित्तपोषण मामले में यासीन मलिक के लिए मौत की सजा की मांग संबंधी राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की अपील पर इस अलगाववादी नेता के जवाब के सिलसिले में एनआईए को अपना पक्ष रखने के लिए चार सप्ताह का समय दिया और अगली सुनवाई की तारीख 22 अप्रैल तय की।

# मतदाताओं के नाम जोड़ना और हटाना मतदाता सूची संशोधन प्रक्रिया का हिस्सा : उच्चतम न्यायालय

**नयी दिल्ली:** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि मतदाता सूची में नाम जोड़ना और हटाना निर्वाचन आयोग द्वारा किए गए मतदाता सूची पुनरीक्षण का हिस्सा है। न्यायालय ने बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को चुनौती देने वाली 19 याचिकाओं के एक समूह पर अंतिम सुनवाई फिर शुरू की। आधार कार्ड को पहचान के एक प्रमाण के रूप में स्वीकार किए जाने के मुद्दे पर शीर्ष अदालत ने स्पष्ट रूप से कहा कि जालसाजी की आशंका मात्र 12 अंकों वाले बायोमेट्रिक पहचान पत्र को खारिज करने का आधार नहीं बन सकती। यह देखते हुए कि पासपोर्ट भी सार्वजनिक दायित्वों का निर्वहन करने वाली निजी एजेंसियों के माध्यम से जारी किए जाते हैं, प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा, यदि कोई दस्तावेज कानून द्वारा मान्यता प्राप्त है, तो उसे केवल इसलिए खारिज नहीं किया जा सकता क्योंकि इसे जारी करने में एक निजी संस्था शामिल है। जब याचिकाकर्ताओं में से एक की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिबल ने मतदाता सूची से नामों को बड़े पैमाने पर हटाए जाने का आरोप लगाया, तो प्रधान न्यायाधीश ने कहा, नामों को जोड़ना और हटाना मतदाता सूची संशोधन प्रक्रिया का हिस्सा है। पीठ ने वरिष्ठ



अधिवक्ताओं कपिल सिब्बल, गोपाल शंकरनारायणन, प्रशांत भूषण, विजय हंसारिया और स्वयं याचिकाकर्ता योगेंद्र यादव की ओर से प्रतिवाद प्रस्तुतियां सुनीं। अदालत ने पिछले साल 12 अगस्त को इस मामले में अंतिम बहस शुरू की थी, जिसमें उसने कहा था कि मतदाता सूची में नामों को शामिल करना या हटाना भारत निर्वाचन आयोग के संवैधानिक अधिकार क्षेत्र में आता है। निर्वाचन आयोग ने एसआईआर कवायद का बचाव करते हुए कहा है कि आधार और मतदाता पहचान पत्रों को नागरिकता के निर्णायक प्रमाण के रूप में नहीं माना जा सकता है। वरिष्ठ अधिवक्ता विजय हंसारिया ने इस प्रक्रिया के पक्ष में तर्क देते हुए कहा कि नागरिकता निर्धारित करने के लिए आधार पर भरोसा नहीं किया जा सकता है, क्योंकि आधार अधिनियम के तहत, भारत में 182 दिनों तक रहने वाले विदेशी नागरिक भी नामांकन के पात्र हैं और कानून यह स्पष्ट करता है कि आधार नागरिकता या अधिवास प्रदान नहीं करता है। न्यायमूर्ति बागची ने इस बात का खंडन करते हुए कहा कि जालसाजी की आशंका अकेले आधार कार्ड को अस्वीकार करने का आधार नहीं हो सकती, क्योंकि पासपोर्ट भी सार्वजनिक कर्तव्यों का निर्वहन करने वाली निजी एजेंसियों के माध्यम से ही तैयार किए जाते हैं। हंसारिया ने कहा कि किसी भी याचिकाकर्ता ने नागरिकता के प्रमाण के रूप में आधार कार्ड को शामिल करने की मांग नहीं की थी और तर्क दिया कि अदालत ऐसी प्रार्थना के बिना 'परमादेश' जारी नहीं कर सकती।

## सनातन धर्म को आज सबसे बड़ा खतरा आंतरिक विभाजन से : मोरारी बापू



**नई दिल्ली:** प्रख्यात कथावाचक मोरारी बापू ने बुधवार को कहा कि सनातन धर्म को आज सबसे बड़ा खतरा आंतरिक विभाजन से है। उन्होंने उन संप्रदायों पर चिंता व्यक्त की जो मनगढंत देवताओं को स्थापित करने, बढ़ावा देने और पवित्र ग्रंथों में अनधिकृत बदलाव (क्षेपक) कर झूठी कथाएं प्रचारित कर रहे हैं। मोरारी बापू ने यहां कहा, ''भले ही ऐसे संप्रदायों को अन्य शक्तिशाली 'गादियों' का समर्थन मिल जाए, लेकिन 'व्यास पीठ' उन्हें कभी मान्यता नहीं देगी। व्यास पीठ अनादि काल से सनातन धर्म के वास्तविक मूल्यों, शास्त्रों और भगवान राम, कृष्ण, शिव एवं मां दुर्गा जैसे आराध्य देवों के प्रति अडिग रही है।'' मोरारी बापू ने इसके साथ ही कहा कि सनातन धर्म को किसी ऐतिहासिक तिथि या कालखंड की सीमाओं में नहीं बांधा जा सकता। उन्होंने कहा कि यह धर्म सभी आध्यात्मिक परंपराओं का सार है। उन्होंने यह राय नयी दिल्ली के 'भारत मंडपम' में आयोजित नौ दिवसीय रामकथा के समापन पर व्यक्त की। 'मानस सनातन धर्म' शीर्षक से आयोजित यह कार्यक्रम 17 जनवरी से 25 जनवरी तक चला। मोरारी बापू ने वेदों सहित विभिन्न शास्त्रों का संदर्भ देते हुए कहा कि सनातन धर्म ही एकमात्र शाश्वत धर्म है, जिसे किसी ऐतिहासिक तिथि या कालखंड की सीमाओं में नहीं बांधा जा सकता। उन्होंने कहा कि यह धर्म सभी आध्यात्मिक परंपराओं के सार को जोड़ता है और इसके केंद्र में सत्य, प्रेम, करुणा और अहिंसा के मूल्य समाहित हैं।

## जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात पूर्ण रूप से बहाल



**श्रीनगर:** कश्मीर घाटी में लगातार हो रहे हिमपात की वजह से मंगलवार को यातायात के लिए बंद जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग को बुधवार को पूरी तरह से खोल दिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि ट्रकों समेत सभी भारी वाहनों को 270 किलोमीटर लंबे राजमार्ग पर आवाजाही की अनुमति दे दी गई है। यह राजमार्ग सभी मौसम में कश्मीर घाटी को देश के अन्य हिस्सों से जोड़ने वाला एकमात्र सड़क मार्ग है। एक अधिकारी ने कहा, 'राजमार्ग पर यातायात को पूरी तरह से बहाल कर दिया गया है और इसके दोनों तरफ आवाजाही की अनुमति दे दी गई है।'' दिन की शुरुआत में, राजमार्ग पर केवल हल्के वाहनों को ही आवाजाही की अनुमति दी गई थी। अधिकारियों के अनुसार, हिमपात के कारण राजमार्ग के कुछ हिस्सों में फिसलन की स्थिति के मद्देनजर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के कर्मियों ने वाहनों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए सड़क पर नमक और यूरिया का छिड़काव किया। खराब मौसम के कारण घाटी में फंसे लोगों, विशेषकर पर्यटकों, को राजमार्ग के खुल जाने से काफी राहत मिली है। कश्मीर के अधिकांश हिस्सों में मंगलवार को हिमपात होने के कारण राजमार्ग पर यातायात और श्रीनगर हवाई अड्डे पर उड़ान संचालन रोक दिए गए थे। हालांकि, बुधवार सुबह हवाई अड्डे पर उड़ानों का परिचालन फिर से शुरू हो गया।

## आवारा कुत्तों के मामले में आदेशों की अनदेखी पर सुप्रीम कोर्ट की कड़ी टिप्पणी

**नई दिल्ली:** उच्चतम न्यायालय ने आवारा कुत्तों के बंध्याकरण और नियंत्रण से जुड़े अपने आदेशों के अनुपालन में ढिलाई पर गहरी चिंता जताई है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति एन.वी. अंजारिया की पीठ ने कहा कि अधिकांश राज्य केवल हवाई किले बना रहे हैं और जमीनी स्तर पर ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है। पीठ ने राज्यों द्वारा दायर हलफनामों पर असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि वे अस्पष्ट और अपूर्ण हैं। न्यायमित्र वरिष्ठ अधिवक्ता गौरव अग्रवाल ने राज्यों की पहल का सार प्रस्तुत करते हुए बताया कि कुछ जगहों पर कदम उठाए गए हैं, लेकिन पूर्ण अनुपालन के लिए अभी लंबा रास्ता तय करना बाकी है। उन्होंने एबीसी (पशु जन्म नियंत्रण) केंद्रों की संख्या और क्षमता बढ़ाने, बंध्याकरण में तेजी लाने, कुत्तों के आश्रय स्थल स्थापित करने, संस्थागत क्षेत्रों की बाड़बंदी और सड़कों-राजमार्गों से आवारा जानवरों को हटाने की आवश्यकता पर जोर दिया। बिहार का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि वहां 34 एबीसी केंद्र हैं और 20,648 कुत्तों का बंध्याकरण हुआ है, जो राज्य में अनुमानित छह लाख से अधिक कुत्तों की संख्या के मुकाबले अपर्याप्त है। पीठ ने असम में कुत्तों के काटने की घटनाओं के आंकड़ों को भयावह बताते हुए कहा कि 2024 में 1.66 लाख और 2025 में जनवरी तक 20,900 मामले दर्ज हुए। न्यायालय ने चेतावनी दी कि अस्पष्ट बयान देने वाले राज्यों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## असम: नौका दुर्घटना में लापता छह लोगों की तलाश के लिए बचाव अभियान में एनडीआरएफ भी शामिल

**बारपेटा (असम):** असम के बारपेटा जिले में ब्रह्मपुत्र नदी में एक दिन पहले एक नौका के डूबने के बाद लापता हुए छह लोगों का पता लगाने के लिए चलाए जा रहे बचाव कार्य में बुधवार को राष्ट्रीय आपदा मोचन बल(एनडीआरएफ) की टीम भी शामिल हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बारपेटा राजस्व परिमंडल के क्षेत्रीय अधिकारी ज्योतिर्मय चौधरी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि विभिन्न एजेंसियों द्वारा आज सुबह फिर से तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया है। उन्होंने कहा, ''अब तक लापता लोगों के बारे में कोई खबर नहीं है और विशेषज्ञ उन्हें ढूंढने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं।'' उन्होंने यह भी बताया कि एनडीआरएफ भी बचाव अभियान में शामिल हो गया है। बारपेटा जिले में मंगलवार दोपहर को ब्रह्मपुत्र नदी में एक नौका के डूबने के बाद चार बच्चों सहित कम से कम छह लोग लापता हो गए। घटना के तुरंत बाद पुलिस, नागरिक प्रशासन और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) के कर्मियों ने स्थानीय लोगों की मदद से बचाव अभियान शुरू कर दिया।

# वंदे भारत स्लीपर ट्रेन भारतीय रेल की बड़ी उपलब्धि : राष्ट्रपति मुर्मू

**नयी दिल्ली:** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए असम के कामाख्या और पश्चिम बंगाल के हावड़ा के बीच हाल ही में शुरू की गई वंदे भारत स्लीपर ट्रेन की सराहना की और इसे भारतीय रेल की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। राष्ट्रपति ने कहा कि गरीब और मध्यम वर्ग की सेवा करने वाली भारतीय रेल 100 प्रतिशत विद्युतीकरण के लक्ष्य के बेहद करीब पहुंच चुकी है। उन्होंने दिल्ली और मिजोरम की राजधानी आइजोल के बीच सीधे रेल संपर्क का भी उल्लेख किया, जिसे राजधानी एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर शुरू किया गया। राष्ट्रपति ने कहा कि जब यह ट्रेन पहली बार आइजोल पहुंची, तो स्थानीय लोगों में दिखी खुशी और उत्साह ने पूरे देश को गर्व और आनंद से भर दिया। भारतीय रेल की प्रमुख उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि देश ने बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया है। इनमें दुनिया का सबसे ऊंचा आर्च ब्रिज, चिनाब पुल और तमिलनाडु का पंबन पुल शामिल हैं। उन्होंने वंदे भारत ट्रेनों की शुरुआत की सराहना करते हुए कहा कि आज देशभर में 150 से अधिक वंदे भारत ट्रेनों का नेटवर्क संचालित हो रहा है, जो जम्मू-कश्मीर से लेकर केरल तक फैला हुआ है।



## 'जी राम जी अधिनियम' से गांवों के विकास को नई गति मिलेगी, भ्रष्टाचार रुकेगा

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 'विकसित भारत- जी राम जी अधिनियम' की सराहना करते हुए कहा कि इस कानून से गांवों के विकास को नई गति मिलेगी तथा भ्रष्टाचार एवं लीकेज पर रोक सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। उन्होंने संसद के बजट सत्र के पहले दिन लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि इस अधिनियम से किसान, पशुपालक और मछुआरों के विकास के लिए नई सुविधाएं विकसित होंगी। राष्ट्रपति ने जैसे ही 'विकसित भारत- जी राम जी अधिनियम' का उल्लेख किया, विपक्षी सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया और इस कानून को वापस लेने की मांग करने लगे। विपक्षी सदस्यों के शोर-शराबे के बीच राष्ट्रपति ने कहा, ''ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और विकास के लिए जी राम जी कानून बनाया गया है। इस नए सुधार से गांव में 125 दिनों का रोजगार मिलेगा तथा भ्रष्टाचार और लीकेज पर रोक सुनिश्चित होगी।'

## पूर्वी भारत के तेज विकास पर आज विशेष बल दिया जा रहा है

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि आजादी के बाद भारत की प्रगति को कुछ शहरों और क्षेत्रों से ज्यादा गति मिली, लेकिन अब पिछड़े क्षेत्रों के साथ पूर्वी और उत्तर पूर्व भारत के तेज विकास पर विशेष बल दिया जा रहा है। संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए मुर्मू ने कहा, 'आजादी के बाद भारत की प्रगति को कुछ शहरों और क्षेत्रों से ज्यादा गति मिली। भारत का एक बहुत बड़ा क्षेत्र और बहुत बड़ी आबादी ऐसी रही, जिसे उचित अवसर नहीं मिल पाया।' उन्होंने कहा, 'अब मेरी सरकार, पिछड़े क्षेत्रों और वंचित आबादी के सामर्थ्य को विकसित भारत की ऊर्जा बना रही है।' उन्होंने कहा, 'आज पूर्वोदय, यानी पूर्वी भारत के तेज विकास पर विशेष बल दिया जा रहा है। आज पश्चिम बंगाल और ओडिशा के समुद्री क्षेत्र में प्रगति की नई संभावनाएं बन रही है। पूर्वोत्तर का क्षेत्र भी अब विकास की मुख्यधारा से जुड़ रहा है।'

# अजित पवार की मृत्यु पर महाराष्ट्र सरकार ने तीन दिन के राजकीय शोक की घोषणा की

## अलग रास्ता चुना, लेकिन रिश्ते नहीं तोड़े : उद्धव ठाकरे



शिवसेना (उबाठा) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने बुधवार को एक विमान हादसे में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार की मौत पर शोक जताया और कहा कि राकांपा प्रमुख ने भले ही राजनीति में अलग रास्ता चुन लिया था, लेकिन उन्होंने आपसी रिश्तों को कभी खराब नहीं होने दिया। उद्धव ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि पवार की मौत से उन्होंने एक दृढ़ नेता और उत्कृष्ट पूर्व कैबिनेट सहयोगी खो दिया है। उन्होंने लिखा कि वित्त मंत्री के रूप में पवार एक बेहद अनुशासित नेता थे, जिनकी अपने विभाग पर मजबूत पकड़ थी।



**मुंबई:** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार की बुधवार को विमान दुर्घटना में हुई मृत्यु पर राज्य सरकार ने समूचे राज्य में तीन दिन के राजकीय शोक की घोषणा की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सामान्य प्रशासन विभाग के प्रोटोकॉल अनुभाग द्वारा जारी एक संदेश में कहा गया है कि पवार का निधन 28 जनवरी की सुबह हुआ। विभाग ने एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा, सरकार के निर्देशों के अनुसार 28 जनवरी से 30 जनवरी तक राजकीय शोक मनाया जाएगा और इस दौरान उन सभी भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा जहां इसे नियमित रूप से फहराया जाता है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि शोक की अवधि के दौरान कोई आधिकारिक मनोरंजन कार्यक्रम नहीं होगा। विभाग ने घोषणा की कि उपमुख्यमंत्री के निधन के कारण महाराष्ट्र भर में राज्य सरकार के सभी कार्यालय बुधवार को बंद रहेंगे। अवर सचिव एच पी बाविस्कर के हस्ताक्षर से जारी संदेश में सभी संबंधित अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने और निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि बुधवार सुबह महाराष्ट्र के पुणे जिले में विमान दुर्घटना में 66 वर्षीय अजित पवार और चार अन्य लोगों की मृत्यु हो गई। उन्होंने बताया कि यह घटना उस वक्त हुई जब पवार और अन्य लोगों को ले जा रहा विमान बारामती के पास उतर रहा था।

## एक अच्छा मित्र खो दिया; यह खालीपन कभी नहीं भर पाएगा: फडणवीस



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को विमान दुर्घटना में उपमुख्यमंत्री अजित पवार की मौत को अविश्वसनीय बताया और मुख्यमंत्री ने कहा कि अजित पवार की मृत्यु से एक ऐसा खालीपन आ गया है जिसे कभी भरा नहीं जा सकेगा। उन्होंने कहा, 'उनके साथ बेहद करीब से काम करने के बाद यह विश्वास कर पाना मुश्किल हो रहा है कि वह अब हमारे बीच नहीं रहे।' पत्रकारों से बात करते हुए फडणवीस ने पवार को एक जननेता बताया जो राज्य को बहुत अच्छी तरह से जानते थे और महाराष्ट्र के मुद्दों की गहरी समझ रखते थे। उन्होंने कहा कि इस तरह का नेतृत्व उभरने में कई साल लग जाते हैं।

## विमान दुर्घटना में अजित पवार की मृत्यु के मामले में जांच होगी: शिंदे



महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बुधवार को विमान हादसे में अपने सहयोगी उपमुख्यमंत्री अजित पवार की मृत्यु को दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि जिस विमान दुर्घटना में पवार की जान गई, उसकी जांच की जाएगी। शिंदे ने पत्रकारों से बातचीत में पवार के योगदान की सराहना की, जिन्होंने विभिन्न मंत्रिमंडलों में उनके सहयोगी के रूप में कार्य किया और 2022 से 2024 तक शिंदे के नेतृत्व में महाराष्ट्र सरकार में उपमुख्यमंत्री भी रहे। उन्होंने कहा, 'यह बहुत पीड़ादायक घटना है... महाराष्ट्र के लिए बहुत दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है। विमान दुर्घटना की जांच की जाएगी।'

## 'पापा कल आपसे बात करूंगी'; हादसे में जान गंवाने वाली विमान परिचारिका का वादा रह गया अधूरा

**मुंबई:** महाराष्ट्र के बारामती में बुधवार को हादसे का शिकार हुए विमान की परिचारिका पिंकी माली के पिता ने बताया कि उनकी बेटी ने आज उनसे बात करने का वादा किया था, और यह कहते हुए वह रो पड़े कि अब उनकी बातचीत कभी नहीं हो पाएगी। विमान हादसे में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार और पिंकी समेत पांच लोगों की मौत हो गई। मध्य मुंबई में प्रभादेवी के निवासी शिवकुमार ने बेटी से आखिरी बार हुई बातचीत को याद करते हुए कहा कि उसने कहा था, पापा, मैं कल (बुधवार को) विमान में उपमुख्यमंत्री अजित पवार के साथ बारामती जाऊंगी। उन्हें वहां छोड़ने के बाद मैं नांदेड़ जाऊंगी और होटल पहुंचने के बाद आपसे बात करूंगी। पिंकी दिल्ली में स्थित वीएसआर वेंचर्स द्वारा संचालित लियरजेट 46 में परिचारिका थीं, जो बारामती हवाई अड्डे पर उतरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में चालक दल के दो सदस्यों समेत कुल पांच लोग सवार थे। शिवकुमार ने कहा कि पिंकी इससे पहले राष्ट्रपति, मुख्यमंत्रियों और कई राजनीतिक नेताओं के साथ विमान में उड़ान भर चुकी थीं। उन्होंने



कहा कि पिंकी चौथी बार अजित पवार के साथ विमान में रवाना हुई थीं। शिवकुमार ने नम आंखों के साथ कहा, मैंने कल शाम उससे बात की थी और उसने मुझे बताया था कि वह उपमुख्यमंत्री अजित पवार के साथ बारामती जाएगी और फिर नांदेड़ रवाना होगी। मैंने उससे कहा था कि तुम्हारी ड्यूटी खत्म होने के बाद कल बात करेंगे। लेकिन वह कल अब कभी नहीं आएगा। शिवकुमार भी अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कहा कि स्थानीय नेता समाधान सर्वंकर ने उन्हें विमान हादसे के बारे में बताया। उन्होंने कहा, मैंने टीवी खोला। खबर देखकर मैं स्तब्ध रह गया। दोनों बाप बेटी की 16 जनवरी को मुलाकात हुई थी, जब पिंकी नगर निकाय चुनाव में वोट डालने के लिए ठाणे से प्रभादेवी पहुंची थीं। उन्होंने कहा कि पिंकी पिछले पांच साल से विमान परिचारिका के तौर पर काम कर रही थी। शिवकुमार ने कहा कि पिंकी ने अपना करियर एअर इंडिया से शुरू किया था और कुछ वर्ष बाद वह एक निजी चार्टर्ड फ्लाइट कंपनी में काम करने लगी थी।

## न्यायालय ने हिंदू को अल्पसंख्यक प्रमाण-पत्र दिए जाने को नये प्रकार की धोखाधड़ी बताया

नयी दिल्ली, 28 जनवरी (भाषा) उच्चतम न्यायालय ने हरियाणा में प्रभावशाली उच्च जाति के व्यक्तियों द्वारा अल्पसंख्यक आरक्षण लाभों का दावा करने के लिए बौद्ध धर्म अपनाने से जुड़ी ''एक नये प्रकार की धोखाधड़ी' पर बुधवार को चिंता व्यक्त की। न्यायालय ने हरियाणा के मुख्य सचिव से इस बारे में रिपोर्ट मांगी कि राज्य में अल्पसंख्यक प्रमाण-पत्र किस तरह जारी किए जा रहे हैं। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ हरियाणा के हिसार निवासी निखिल कुमार पुनिया द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें उन्होंने बौद्ध धर्म अपनाने के आधार पर अल्पसंख्यक उम्मीदवार के रूप में दाखिले की मांग की थी। स्वयं भी वहीं से ताल्लुक रखने वाले प्रधान न्यायाधीश ने पुनिया की सामाजिक पृष्ठभूमि पर सवाल उठाया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने पूछा, 'आप पुनिया हैं? आप कौन से अल्पसंख्यक हैं? मैं आपसे सीधे-सीधे पूछता हूं, आप कौन से पुनिया हैं?' जब याचिकाकर्ता के वकील ने जवाब दिया कि वह जाट पुनिया समुदाय से संबंध रखते हैं, तो प्रधान न्यायाधीश ने पूछा कि वह अल्पसंख्यक होने का दावा कैसे कर सकते हैं। वकील ने जवाब दिया कि याचिकाकर्ता ने बौद्ध धर्म अपना लिया है और यह उसका अधिकार है। इस पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए प्रधान न्यायाधीश ने कहा, 'वाह! यह तो धोखाधड़ी का एक नया ही रूप है।'

## रेलवे में अब सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों को सोने की परत चढ़ा पदक नहीं दिया जाएगा : परिपत्र

**बजट:** रेल मंत्रालय ने सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों को सोने की परत चढ़े चांदी का पदक देने की परंपरा बंद कर दी है और यह फैसला बुधवार से ही प्रभावी हो गया है। रेल मंत्रालय द्वारा सभी क्षेत्रीय रेलवे और उत्पादन इकाइयों के प्रमुखों को संबोधित एक परिपत्र में कहा गया है, 'सेवानिवृत्त होने वाले रेलवे अधिकारियों को सोने की परत चढ़ा रजत पदक प्रदान करने की प्रथा बंद की जा रही है। रेलवे के पास पहले से ही उपलब्ध रजत पदकों का उपयोग अन्य गतिविधियों के लिए किया जाए, जिससे उनके उपयोग संबंधी चिंताओं का समाधान हो सके।' परिपत्र में हालांकि कोई कारण नहीं बताया गया, लेकिन अधिकारियों द्वारा बताए गए कारणों में 'आउटसोर्स' विक्रेताओं की ओर से मुहैया कराए गए पदकों की खराब गुणवत्ता और चांदी के बहुत महंगा होना आदि शामिल हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 'पिछले कुछ वर्षों में ऐसे कुछ मामले सामने आए हैं जिनमें विक्रेताओं द्वारा आपूर्ति किए गए पदकों में प्रयुक्त चांदी की गुणवत्ता बेहद खराब या नकली पाई गई है। यह इस प्रथा को बंद करने के कारणों में से एक हो सकता है।'

## न्यूज ब्रीफ

### अमेरिका के बल्लेबाज जोन्स बारबाडोस टी10 लीग में फिक्सिंग के आरोप में स्थायी रूप से निलंबित

**दुबई :** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने 2023-24 में बारबाडोस में आयोजित बीआईएम10 लीग के दौरान कथित फिक्सिंग के मामले में अमेरिका के बल्लेबाज आरोन जोन्स को बुधवार को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया। जोन्स 2024 में टी20 विश्व कप में पदार्पण करते हुए सुपर-8 चरण तक पहुंचने वाली अमेरिकी टीम का हिस्सा थे। उन पर भ्रष्ट प्रस्ताव की जानकारी संबंधित अधिकारियों को न देने और कथित अपराध की जांच में सहयोग न करने का भी आरोप लगाया गया है।

### बांग्लादेश, नीदरलैंड ने 2026 टी20 महिला विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया

**काठमांडू :** बांग्लादेश और नीदरलैंड ने बुधवार को यहां क्वालिफायर के सुपर सिक्स चरण में जीत दर्ज कर आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2026 के लिए उपलब्ध चार में से दो स्थान पक्के कर लिए। नीदरलैंड ने डकवर्थ लुईस पद्धति से अमेरिका को हराकर पहली बार टी20 विश्व कप में जगह बनाई। बांग्लादेश ने शोभना मोस्तारी ने सर्वाधिक 59 रन की पारी की बदौलत थाईलैंड को 39 रन से पराजित किया। एक अन्य मुकाबले में कैथरीन ब्राइस ने बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन किया, जिसकी बदौलत स्कॉटलैंड ने आयरलैंड को 39 रन से शिकस्त दी। महिला टी20 विश्व कप टूर्नामेंट 12 जून से पांच जुलाई के बीच इंग्लैंड और वेल्स में खेला जाएगा।

# दुबे के तूफानी अर्धशतक पर भारी पड़ा न्यूजीलैंड का दमदार प्रदर्शन, भारत को 50 रन से हार



**विशाखापत्तनम :** शिवम दुबे की विस्फोटक अर्धशतकीय पारी भी भारत को न्यूजीलैंड के खिलाफ चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय में हार से नहीं बचा सकी। बुधवार को खेले गए इस मुकाबले में न्यूजीलैंड ने सात विकेट पर 215 रन बनाने के बाद भारत को 18.4 ओवर में 165 रन पर समेट दिया और 50 रन से जीत दर्ज की। इसके साथ ही कीवी टीम ने पांच मैचों की श्रृंखला में 3-1 की अजेय बढ़त बना ली। 216 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की शुरुआत बेहद खराब रही। इशान किशन के चोटिल होकर बाहर रहने के कारण अभिषेक शर्मा और सूर्यकुमार यादव से आक्रामक शुरुआत की उम्मीद थी, लेकिन अभिषेक पहली ही गेंद पर आउट हो गए। इसके बाद सूर्यकुमार यादव भी जल्द ही पवेलियन लौट गए और भारत का स्कोर नौ रन पर दो विकेट हो गया। रिंकू सिंह (39) और संजू सैमसन (24) ने पारी संभालने का प्रयास किया, लेकिन रन गति नहीं बढ़ा सके। हार्दिक पांड्या भी सस्ते में आउट हो गए। इसके बाद शिवम दुबे ने मोर्चा संभालते हुए 23 गेंदों पर 65 रन की तूफानी पारी खेली, जिसमें तीन चौके और सात छक्के शामिल थे। उन्होंने महज 15 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया, जो भारत की ओर से टी20 अंतरराष्ट्रीय में तीसरा सबसे तेज अर्धशतक है। हालांकि, उनके आउट होते ही भारत की उम्मीदें भी खत्म हो गईं। इससे पहले न्यूजीलैंड की ओर से टिम सिफर्ट ने 36 गेंदों पर 62 रन की आक्रामक पारी खेली, जबकि डेवोन कॉन्वे (44) और डैरिल मिचेल (नाबाद 39) ने उपयोगी योगदान दिया। भारतीय गेंदबाज प्रभावी साबित नहीं हो सके और न्यूजीलैंड ने बड़ा स्कोर खड़ा कर मैच अपने नाम कर लिया।

### हम छह बल्लेबाजों के साथ खुद को चुनौती देना चाहते थे: सूर्यकुमार यादव

न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला के चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय में 50 रन से हार का सामना करने के बाद भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा कि टीम छह बल्लेबाजों के साथ खुद को चुनौती देना चाहती थी। इशान किशन के चोट के कारण बाहर होने के बाद टीम ने उनके स्थान पर किसी बल्लेबाज की जगह तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को मौका दिया।

## रोहित ने कहा टी20 विश्व कप में अर्शदीप और हार्दिक होंगे सफलता की कुंजी



**नयी दिल्ली :** टी20 विश्व कप विजेता कप्तान रोहित शर्मा का मानना है कि आगामी टूर्नामेंट में हरफनमौला हार्दिक पंड्या और बायें हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह भारत की सफलता की कुंजी होंगे। गत चैम्पियन भारत प्रबल दावेदार के रूप में टूर्नामेंट में उतरेगा। रोहित ने जियो हॉटस्टार से कहा ,'' जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह दोनों का साथ में होना हमारे लिये बहुत सकारात्मक है क्योंकि दोनों विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। अर्शदीप नयी गेंद से स्विंग कराने में माहिर है और शुरूआती विकेट लेता है। वह नयी गेंद से और डैथ ओवरों में गेंदबाजी करता है। शुरूआत और अंत बहुत महत्वपूर्ण है और वह दोनों में मजबूत है।'' उन्होंने कहा ,'' वह नयी गेंद को स्विंग कराके बायें हाथ के बल्लेबाजों को स्लिप में कैच आउट करा सकता है और दाहिने हाथ के बल्लेबाजों के पैड को निशाना बना सकता है। नयी गेंद के गेंदबाजों के लिये यह कौशल काफी अहम है। वह हमेशा विकेट लेने की कोशिश करता है और यही वजह है कि वह पहला ओवर डालता है।'' रोहित ने कहा ,'' टी20 विश्व कप 2024 के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उसने शानदार गेंदबाजी की। मुझे अभी भी याद है कि क्विंटोन डि कॉक को क्रीज पर जमने के बाद उसने आउट किया और 19वें ओवर में दो या तीन रन ही दिये जिससे दक्षिण अफ्रीका दबाव में आ गई।''

## टाटा स्टील शतरंज मास्टर्स: गुकेश हारे, एरिगैसी ने खेला ड्रा, प्रज्ञानानंदा की पहली जीत

**विज्क आन ली (नीदरलैंड) :** विश्व चैंपियन डी. गुकेश को टाटा स्टील मास्टर्स में के नौवें दौर में बुधवार को यहां जर्मनी के मैथियास ब्लूबाउम के खिलाफ पराजय झेलनी पड़ी, जबकि अर्जुन एरिगैसी को अमेरिका के हैंस मोक नीमैन के साथ ड्रॉ से संतोष करना पड़ा। कैंडिडेट्स टूर्नामेंट का टिकट पक्का करने वाले इकलौते भारतीय आर प्रज्ञानानंदा ने टूर्नामेंट में पहली बार सफलता का स्वाद चखा। विश्व कप विजेता जावोखिर सिंदारोव उज्बेकिस्तान के हमवतन नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव के साथ बराबरी की बाजी खेली। अब्दुसत्तोरोव छह अंकों के साथ शीर्ष पर बने हुए हैं। सिंदारोव नीदरलैंड्स के जोर्डन वान फोरेस्ट और तुर्किये के यागिज कान एरदोग्मुस के साथ 5.5 अंकों के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर है। टूर्नामेंट में अब चार दौर शेष है और नीमैन पांच अंक के साथ इनके ठीक पीछे हैं। गुकेश, प्रज्ञानानंदा और अर्जुन के खाते में चार-चार अंक हैं। भारतीय खिलाड़ियों के लिए अब खिताब जीतना काफी मुश्किल हो गया है। गुकेश की हार परेशान करने वाली रही क्योंकि वह सफेद मोहरों से खेल रहे थे। उन्होंने 37 चाल के बाद हार मान ली। प्रज्ञानानंदा ने हमवतन अरविंद चिदंबरम को हराकर टूर्नामेंट की पहली जीत दर्ज की। उनके लिए बड़ा सवाल यही है कि क्या यह जीत बहुत देर से आई। दिन का सबसे प्रभावशाली मुकाबला पूर्व चैंपियन फोरेस्ट ने खेला।

# बॉक्साम इंटरनेशनल टूर्नामेंट में भारतीय टीम की अगुवाई करेंगी लवलीना

**नई दिल्ली :** तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोर्गोहेन दो फरवरी से स्पेन के ला नूसिया में शुरू होने वाले बॉक्साम इंटरनेशनल टूर्नामेंट में 33 सदस्यीय भारतीय मुक्केबाजी टीम का नेतृत्व करेंगी। यह सत्र की भारत की पहली अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता होगी, जिससे आगे राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों जैसे बड़े टूर्नामेंटों की तैयारियों की दिशा तय होगी। हालांकि इस प्रतियोगिता में भारत की कुछ शीर्ष महिला मुक्केबाज हिस्सा नहीं लेंगी। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) की चयन नीति के अनुसार, ओलंपिक भार वर्गों में हाल ही में संपन्न राष्ट्रीय चैंपियनशिप के



शीर्ष दो मुक्केबाजों को चुना गया है, जबकि गैर-ओलंपिक वर्गों में रजत पदक विजेताओं को मौका दिया गया है। दो बार की विश्व चैंपियन निकहत जरीन (51 किग्रा), मौजूदा विश्व चैंपियन मीनाक्षी हुड्डा (48 किग्रा) और जैस्मिन लांबोरिया (57 किग्रा) इस टूर्नामेंट में नहीं खेलेंगी। निकहत एशियाई चैंपियनशिप की तैयारी में जुटी हैं, जबकि जैस्मिन और परवीन हुड्डा चोट से उबर रही हैं। पूजा रानी और मीनाक्षी भी एशियाई चैंपियनशिप पर ध्यान केंद्रित करेंगी। महिला टीम में लवलीना के साथ विश्व चैंपियन नीतू घनघास, एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता प्रीति पवार और विश्व कप स्वर्ण पदक विजेता अरुंधति चौधरी शामिल हैं। पुरुष वर्ग में मोहम्मद हुसामुद्दीन लंबे समय बाद अंतरराष्ट्रीय रिंग में वापसी करेंगे। नव नियुक्त महिला मुख्य कोच सैंटियागो निवा के मार्गदर्शन में भारतीय टीम इस टूर्नामेंट में मजबूत प्रदर्शन की उम्मीद के साथ उतरेगी।

### सूर्यकुमार आईसीसी टी20 रैंकिंग में सातवें स्थान पर पहुंचे

**दुबई :** भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव न्यूजीलैंड के खिलाफ चल रही पांच मैचों की घरेलू श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन के बाद बुधवार को आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) की पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में बल्लेबाजों के वर्ग में पांच पायदान ऊपर चढ़कर सातवें स्थान पर पहुंच गए। भारत ने अभी तक पांच मैच की इस श्रृंखला के पहले तीनों मैच जीते हैं। पूर्व में नंबर एक रहे सूर्यकुमार ने इन मैच में 32, नाबाद 82 और नाबाद 57 रन बनाए जिससे वह रैंकिंग में आगे बढ़ने में सफल रहे। भारत के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा टी20 विश्व कप से पहले बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं जबकि तिलक वर्मा तीसरे स्थान पर हैं। तिलक वर्मा चोटिल होने के कारण इस श्रृंखला में नहीं खेल रहे हैं। रायपुर में खेले गए दूसरे मैच में 32 गेंदों पर 76 रन बनाने वाले ईशान किशन ने 64वें स्थान पर रैंकिंग में फिर से प्रवेश किया है।

## भारत को आत्मविश्वास और तैयारियों के कारण मिली 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी : राष्ट्रपति मुर्मू

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि भारत को अपने आत्मविश्वास और तैयारियों के कारण राष्ट्रमंडल खेल 2030 की मेजबानी मिली है। उन्होंने नरेंद्र मोदी की मौजूदा एनडीए सरकार के कार्यकाल में खेलों में हुए अभूतपूर्व विकास का भी जिक्र किया। बजट सत्र से पूर्व संसद के दोनों सदनों को संयुक्त रूप से संबोधित करते हुए मुर्मू ने कहा कि खेलों की प्रशासन व्यवस्था सुधारने के लिये मौजूदा सरकार ने कई ढांचागत सुधार किये हैं। उन्होंने कहा ,'' भारत के युवाओं और मेरी सरकार के संयुक्त प्रयासों से देश में खेलों में अभूतपूर्व विकास हुआ है। पिछले एक दशक से भारत में खेलों से जुड़ी हर व्यवस्था में सुधार किये गए हैं। सरकार ने खेलो इंडिया नीति बनाई और खेलों से जुड़े संस्थानों को पारदर्शी बनाया है।'' उन्होंने कहा ,'' अपनी तैयारियों और आत्मविश्वास



के दम पर भारत को राष्ट्रमंडल खेल 2030 की मेजबानी मिली है।'' ये खेल अहमदाबाद में होंगे जो 2036 ओलंपिक की मेजबानी की दावेदारी की दौड़ में भी है। राष्ट्रपति ने पिछले साल नवंबर में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की विश्व कप जीत की भी सराहना की। उन्होंने विश्व कप जीतने वाली दृष्टिबाधित महिला टीम को भी बधाई दी।



## भारत, दक्षिण एशिया की विमानन कंपनियों को 2044 तक करीब 3,300 नए विमानों की आवश्यकता



**हैदराबाद:** भारत और दक्षिण एशिया की विमानन कंपनियों को हवाई यातायात की बढ़ती मांग से 2044 तक करीब 3,300 नए विमानों की आवश्यकता होगी। विमान बनाने वाली अमेरिकी कंपनी बोइंग ने बुधवार को एक रिपोर्ट में कहा कि अनुमानित आपूर्ति में से करीब 90 प्रतिशत यानी 2,875 'सिंगल-आइल' विमान यानी एक गलियारा वाले विमान होंगे जबकि चौड़े आकार के विमानों की संख्या 395 होगी। दक्षिण एशिया के लिए अपने 'वाणिज्यिक बाजार परिदृश्य' (सीएमओ) में बोइंग ने कहा कि अगले दो दशकों में इस क्षेत्र की विमानन कंपनियों को करीब 45,000 पायलट, 45,000 तकनीशियन और चालक दल के 51,000 सदस्यों की आवश्यकता होगी। बोइंग के यूरेशिया एवं भारतीय उपमहाद्वीप के वाणिज्यिक विपणन के प्रबंध निदेशक अश्विन नायडू ने कहा कि भारत एक विकासशील बाजार है और देश में विमानों की संख्या में और वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि भारत सबसे तेजी से विकसित होने वाला क्षेत्र है जहां अगले 20 वर्ष में बेड़े की संख्या चार गुना हो जाएगी। नायडू ने शहर में आयोजित चार दिवसीय विमानन शिखर सम्मेलन 'विंग्स इंडिया' 2026 के दौरान इस रिपोर्ट को पेश किया। बोइंग के अनुसार, '' बढ़ते मध्यम वर्ग, आर्थिक वृद्धि तथा हवाई अड्डों एवं संपर्क में निवेश से भारत और दक्षिण एशिया में यात्री हवाई यातायात अगले 20 वर्ष में औसतन सात प्रतिशत की वार्षिक दर से बढ़ेगा।' रिपोर्ट के अनुसार, हवाई यात्रा की बढ़ती मांग का मतलब है कि विमानन कंपनियों को 2044 तक करीब 3,300 नए विमान की आवश्यकता होगी।

# देश का स्मार्टफोन निर्यात अप्रैल-अगस्त के दौरान एक लाख करोड़ रुपये को पार: राष्ट्रपति



**नयी दिल्ली:** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि सरकार के प्रयासों से इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्षेत्र में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है और भारत स्मार्टफोन उत्पादन के क्षेत्र में विश्व स्तर पर दूसरा सबसे बड़ा देश बन गया है। मुर्मू ने कहा कि चालू वित्त वर्ष के पहले पांच महीनों में एक लाख करोड़ रुपये से अधिक का निर्यात हुआ। उन्होंने संसद के बजट सत्र के पहले दिन दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले 11 वर्षों के दौरान अकेले इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्षेत्र में 25 लाख से अधिक नई नौकरियां पैदा हुई हैं और सरकार के प्रयासों से आईटी सेवाओं, इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण और वैश्विक क्षमता केंद्रों में भी एक करोड़ से अधिक युवाओं को रोजगार मिला है। मुर्मू ने कहा, पिछले 11 वर्षों में इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन छह गुना बढ़ गया है। आज यह 11 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े तक पहुंच गया है। भारत मोबाइल विनिर्माण के क्षेत्र में दूसरा सबसे बड़ा देश बन गया है। वित्त वर्ष 2025-26 के पहले पांच महीनों में भारत का स्मार्टफोन निर्यात एक लाख करोड़ रुपये को पार कर गया। उन्होंने कहा कि भविष्य की प्रौद्योगिकी में आत्मनिर्भरता के लिए माइक्रोचिप एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है। मुर्मू ने कहा, आधुनिक विनिर्माण और भविष्य की प्रौद्योगिकी के लिए माइक्रोचिप में आत्मनिर्भरता बहुत महत्वपूर्ण है। वर्ष 2025 में चार नई सेमीकंडक्टर विनिर्माण इकाइयों को मंजूरी दी गई है। आने वाले वर्षों में 10 ऐसी कारखाने भारत में अपना परिचालन शुरू करने जा रहे हैं। मुर्मू ने कहा, मेरी सरकार की सक्षम नीतियों से देश में कई नए क्षेत्र भी उभर रहे हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत अब दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप परिवेश बन गया है। मुर्मू ने कहा, एक दशक पहले देश में 500 से भी कम स्टार्टअप थे। आज लगभग दो लाख स्टार्टअप पंजीकृत हुए हैं, जिनमें से लगभग 50,000 नए स्टार्टअप केवल पिछले वर्ष के दौरान पंजीकृत हुए हैं। उन्होंने कहा कि भारत के स्टार्टअप नेटवर्क में 20 लाख से अधिक युवा काम कर रहे हैं और इनमें से 45 प्रतिशत स्टार्टअप में कम से कम एक महिला निदेशक है। मुर्मू ने कहा, पिछले साल 4जी और 5जी नेटवर्क सेवाएं एक लाख से अधिक मोबाइल टावर के माध्यम से देश के हर कोने तक पहुंच गई हैं। डिजिटल इंडिया के विस्तार ने भारत को हजारों करोड़ रुपये की रचनात्मक अर्थव्यवस्था के प्रमुख वैश्विक केंद्र के रूप में पेश किया है। उन्होंने कहा कि भारत अपनी व्यापक भूमिका और सक्रिय भागीदारी के साथ कई वैश्विक संगठनों में प्रमुख जिम्मेदारियां निभा रहा है।

### भारत-यूरोपीय संघ मुक्त समझौता, युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर उत्पन्न करेगा: राष्ट्रपति मुर्मू

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने यूरोपीय संघ के साथ मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर का स्वागत करते हुए बुधवार को कहा कि इससे विनिर्माण एवं सेवा क्षेत्रों को गति मिलेगी और देश के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर उत्पन्न होंगे। मुर्मू ने कहा कि पिछले 11 वर्ष में देश की आर्थिक नींव काफी मजबूत हुई है और भारत विभिन्न वैश्विक संकटों के बावजूद दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है। बजट सत्र के पहले दिन संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा,' यूरोपीय संघ के साथ मुक्त व्यापार समझौते के लिए वार्ता संपन्न होने पर, मैं सभी नागरिकों को बधाई देती हूं। इससे भारत के विनिर्माण एवं सेवा क्षेत्रों को गति मिलेगी और भारत के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।'

### खुशहाल किसान विकसित भारत की पहली प्राथमिकता: मुर्मू

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि सरकार के लिए खुशहाल किसान विकसित भारत की पहली प्राथमिकता है और इसी को ध्यान में रखकर किसान सम्मान निधि के तहत कृषकों को चार लाख करोड़ रुपये से अधिक राशि सीधे उनके खातों में हस्तांतरित की गई है। उन्होंने कहा कि इसके साथ उन फसलों का भी उत्पादन बढ़ाने के लिए काम किया जा रहा है जिसमें अभी तक हमारा कृषि क्षेत्र पीछे था। मुर्मू ने संसद के बजट सत्र से पहले दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए कहा, '' कृषि का महत्व समझाते हुए संत तिरुवल्लुवर ने कहा था कि समाज के लोग चाहे जिस भी काम से जुड़े हों, हर व्यक्ति का जीवन एक मेहनती किसान के परिश्रम पर निर्भर होता है। इसीलिए, मेरी सरकार खुशहाल किसान को विकसित भारत की पहली प्राथमिकता के रूप में देखती है।'

## प्रधानमंत्री ने तेजी से बढ़ते भारतीय विमानन क्षेत्र में किया निवेश का आह्वान

**हैदराबाद:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को देश के तेजी से बढ़ते नागर विमानन क्षेत्र में निवेश का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में भारतीय विमानन क्षेत्र में ऐतिहासिक बदलाव देखने को मिला है। विमानन शिखर सम्मेलन विंग्स इंडिया 2026 में मोदी ने नागर विमानन क्षेत्र की वृद्धि क्षमता का उल्लेख किया और कहा कि 2047 तक देश में 400 से अधिक हवाई अड्डे होंगे। मोदी ने इस क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को मजबूत करने का आह्वान करते हुए कहा कि भारत एक प्रमुख वैश्विक विमानन केंद्र बन रहा है, लेकिन यह विमानन संबंधी जरूरतों के लिए दूसरों पर



निर्भर नहीं रह सकता है। मोदी ने कहा कि सुधारों के साथ भारत ग्लोबल साउथ और दुनिया के बाकी हिस्सों के बीच एक बड़ा विमानन प्रवेश द्वार बनता जा रहा है। उन्होंने इसे विमानन क्षेत्र से जुड़े निवेशकों और विनिर्माताओं के लिए एक बड़ा अवसर बताया।

## औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर दिसंबर में दो साल के उच्चतम स्तर 7.8 प्रतिशत पर



**नयी दिल्ली:** खनन, विनिर्माण एवं बिजली क्षेत्रों में मजबूत प्रदर्शन से देश के औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर दिसंबर 2025 में दो साल से अधिक के उच्चतम स्तर 7.8 प्रतिशत पर पहुंच गई। बुधवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के संदर्भ में मापा जाने वाला औद्योगिक उत्पादन दिसंबर 2024 में 3.7 प्रतिशत बढ़ा था। आधिकारिक बयान में कहा गया, 'दिसंबर 2025 में औद्योगिक गति और मजबूत हुई क्योंकि औद्योगिक उत्पादन सूचकांक 7.8 प्रतिशत बढ़कर दो वर्ष से अधिक के अपने उच्च स्तर पर पहुंच गया। नवंबर 2025 में इसमें 7.2 प्रतिशत (संशोधित) की वृद्धि दर्ज की गई थी।' राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने नवंबर 2025 के लिए औद्योगिक उत्पादन वृद्धि के अनुमान को पिछले महीने जारी किए गए 6.7 प्रतिशत के अस्थायी अनुमान से संशोधित करके 7.2 प्रतिशत कर दिया है। चालू वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-दिसंबर अवधि के दौरान देश के औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर घटकर 3.9 प्रतिशत रही जो एक साल पहले इसी अवधि में 4.1 प्रतिशत थी। एनएस-ओ के आंकड़ों के अनुसार, दिसंबर 2025 में विनिर्माण क्षेत्र के उत्पादन में 8.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई जो दिसंबर 2024 में 3.7 प्रतिशत रही थी। इसमें कहा गया, 'विनिर्माण क्षेत्र में सबसे अधिक वृद्धि दर्ज करने वाले उद्योग कंप्यूटर, इलेक्ट्रॉनिक व ऑप्टिकल उत्पाद (34.9 प्रतिशत), मोटर वाहन, ट्रेलर व सेमी-ट्रेलर (33.5 प्रतिशत) और अन्य परिवहन उपकरण (25.1 प्रतिशत) हैं।'' खनन उत्पादन में 6.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई जो दिसंबर 2024 में 2.7 प्रतिशत थी। बिजली उत्पादन में दिसंबर 2025 में 6.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि 2024 की इसी महीने में यह 6.2 प्रतिशत थी।

## हेल्पलाइन शुरू होने से अब किसानों को नहीं लगाने होंगे विभाग के चक्कर

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के किसानों को कृषि विभाग की योजनाओं की जानकारी के लिए अब विभाग के चक्कर नहीं लगाने होंगे क्योंकि कृषि निदेशालय में कृषि विभाग की एक हेल्पलाइन बुधवार को शुरू की गई है। किसान घर बैठे ही सारी जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख के साथ बुधवार को कृषि निदेशालय, लखनऊ में कृषि विभाग की इस हेल्पलाइन का शुभारंभ किया जिसके जरिए किसान सोमवार से शुक्रवार तक सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक 0522-2317003 पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। कृषि मंत्री शाही ने बताया कि इस हेल्पलाइन का उद्देश्य है कि किसानों को योजनाओं की जानकारी के लिए कहीं भटकना या चक्कर ना लगाना पड़े। अपने मोबाइल से फोन करके ही वह विभाग द्वारा प्राप्त होने वाले अनुदान, योजनाओं, सोलर पंप समेत सभी जानकारी हासिल कर लें। इसके अलावा, इस हेल्पलाइन से सोलर पंप, कृषि यंत्रों पर अनुदान, बीज, उर्वरक और कीटनाशक से संबंधित जानकारी भी प्राप्त होगी। पांच डायल कर किसान कृषि विभाग की योजन-ाओं से संबंधित जानकारी भी प्राप्त कर सकेंगे।

### ईरान की मुद्रा 16 लाख रियाल प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर तक लुढ़की

**दुबई:** आंतरिक अशांति से जूझ रहे ईरान की मुद्रा रियाल बुधवार को फिसलकर 16 लाख रियाल प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गई। स्थानीय मुद्रा कारोबारियों ने यह जानकारी दी। इसके एक दिन पहले ही रियाल पहली बार 15 लाख प्रति डॉलर के स्तर तक फिसला था। रियाल में तेज गिरावट ऐसे समय में हुई है, जब ईरान में आर्थिक संकट को लेकर शुरू हुए देशव्यापी विरोध प्रदर्शनों को एक महीना पूरा हो चुका है। ये प्रदर्शन 28 दिसंबर को रियाल के मूल्य में भारी गिरावट के विरोध में शुरू हुए थे और जल्द ही देश के विभिन्न हिस्सों में फैल गए।

# लगातार दूसरे दिन शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स 487 अंक उछला

**मुंबई:** भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौता होने से बढ़े उत्साह के बीच बुधवार को घरेलू शेयर बाजार लगातार दूसरे सत्र में तेजी के साथ बंद हुए। बीएसई सेंसेक्स 487 अंक चढ़ गया जबकि एनएसई निफ्टी में 167 अंक की तेजी रही। कारोबारियों ने कहा कि भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज और इटर्नल के शेयरों में लिवाली आने से भी घरेलू बाजार को समर्थन मिला। बीएसई का 30 शेयर वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 487.20 अंक यानी 0.60 प्रतिशत उछलकर 82,344.68 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 646.49 अंक की तेजी के साथ 82,503.97 अंक तक पहुंच गया था। वहीं एनएसई का मानक



सूचकांक निफ्टी 167.35 अंक यानी 0.66 प्रतिशत बढ़कर 25,342.75 अंक पर बंद हुआ। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (अनुसंधान) अजीत मिश्रा ने कहा, ''खरीदारी में नए सिरे से आई दिल-चस्पी ने सकारात्मक गति को और बढ़ावा दिया जबकि चुनिंदा प्रमुख शेयरों में उल्लेखनीय लाभ सहित कंपनी-विशिष्ट कारकों ने तेजी को और समर्थन दिया।' सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से भारत इलेक्ट्रॉनिक्स के शेयर में दिसंबर तिमाही के नतीजों के बाद करीब नौ प्रतिशत का उछाल आया। इसके अलावा इटर्नल, बजाज फाइनेंस, पावर ग्रिड, ट्रेंट, महिंद्रा एंड महिंद्रा और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर में भी तेजी रही। दूसरी तरफ, एशियन पेंट्स के शेयर में चार प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। इसके अलावा मारुति सुजुकी, सन फार्मा, इन्फोसिस और भारती एयरटेल के शेयर भी नुकसान में रहे। भारत और यूरोपीय संघ के बीच एफटीए को अंतिम रूप देने से लगभग दो अरब लोगों का बाजार बनेगा और यह वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद के करीब एक चौथाई हिस्से को कवर करेगा। इस समझौते से यूरोपीय संघ को 99 प्रतिशत भारतीय निर्यात पर शुल्क घटेगा जबकि ईयू से 97 प्रतिशत आयात पर भारत में शुल्क कम होगा।

वर्ष 10, पूर्णांक 3487 अंक 297 RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in